दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 17 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 178 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## राजकीय सम्मान के साथ हुआ विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार, दी गई 21 तोपों की सलामी



**राजकोट।** गुजरात के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार राजकोट में पूरा हो गया है। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल समेत प्रदेश बीजेपी के कई बड़े नेता मौजूद रहे।

उनका पार्थिव शरीर राजकोट पहुंचने पर हजारों लोगों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। छह किलोमीटर लंबे यात्रा में हजारों की संख्या में लोग और बीजेपी के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। अंतिम यात्रा से पहले विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वह भावुक हो गईं और बेटे से लिपट कर रो पड़ीं।

पूर्व मुख्यमंत्री के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग सड़कों पर एकत्रित हुए और पुष्पांजलि देकर अपने नेता को अंतिम विदाई दी।

एअर इंडिया विमान हादसे में अब तक 270 लोगों की जान जा चुकी है। विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें 230 यात्री, 10 क्रू मेंबर्स और दो पायलट थे। विमान में सवार एक यात्री को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो गई है।

### विजय रूपाणी का सफर

विजय रूपाणी का म्यांमार (बर्मा) के रंगून में 1956 में जन्म हुआ था। 1960 के दशक में वह भारत में रहने लगे। उन्होंने राजकोट के सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी से बीए और एलएलबी की पढ़ाई की।

विद्यार्थी जीवन में उन्होंने अइश्ढ ज्वाइन किया था। बाद में वह फ्रर से भी जुड़े। 1980 के दशक में उन्होंने जनसंघ और फिर बाद में बीजेपी की ओर से सक्रिय राजनीति की। पहली बार 1987 में राजकोट नगर निगम के पार्षद चुने गए। 1996-97 में राजकोट नगर निगम के मेयर बने। 2006 से 2012 तक गुजरात से राज्यसभा सांसद रहे।

## उधर की पार्षदों ने सांसद और विधायकों से मुलाकात इधर मेयर ने बुला ली निगम अधिकारियों की बैठक









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मामला धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। पार्षदों ने रविवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा से मुलाकात की थी। वहीं इस मुलाकात के बाद अगले दिन मेयर सुनीता दयाल ने हाउस टैक्स के मुद्दे पर निगम के अधिकारियों की एक बैठक बुला ली। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर मेयर ने अधिकारियों के साथ इस बैठक में मंथन-चिंतन किया।

उन्होंने कहा कि जनहित में लगातार इस विषय पर विचार चिंतन-मनन चल रहा है। वहीं नगर आयुक्त ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण पर काम हो रहा है और हाउस टैक्स में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्ष 2001 में सदन में हर 2 वर्ष में 10 प्रतिशत गृहकर बढ़ाये जाने के निर्णय के अनुसार गृह कर बढ़ोत्तरी तथा वर्तमान में बढ़े गृह कर की तुलना का अंतर बताया जाये।

पूर्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गृहकर बढ़ोतरी को लेकर महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त सहित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। जिसमें अपर नगर अवनींद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार उपस्थित रहे।

गृहकर बढ़ोतरी को लेकर नगर निगम में अहम बैठक की गई है। जिसमें महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा गृहकर में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करने को कहा और कहा कि जनहित के लिए लगातार मंथक किया जा रहा है। जिसके चलते महापौर ने भी अधिकारी को 2001 में सदन में पास प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक 2 वर्षो में 10% की वृद्धि होनी थी व वर्तमान में गृहकर बढ़ोतरी पर तुलना कर दोनों के बीच के अंतर बनाने के निर्देश दिए हैं जिसको लेकर अधिकारियों ने कार्यवाही भी शुरू कर दी है और जल्द ही शहर में गृहकर को लेकर जनहित की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्य किया जाएगा जिससे शहर में किसी भी प्रकार परेशानी न हो सके और गृहकर में वृद्धि को लेकर इस मंथक से यह भी प्रतीक होता है कि महापौर, नगर आयुक्त सहित सभी पार्षदगण चिंचित है।

ऐसे ही गृहकर में अत्यधिक बढ़ोतरी की शिकायतों पर भी जोनल कार्यालय स्तर पर कार्य किया जा रहा है और यह भी देखा जा रहा है कि किन परिस्थितियों में गृहकर बढ़कर आ रहा है, ऐसी सभी शिकायतों के निस्तारण के भी निर्देश दिए गए है।

## मेयर सदन की मुखिया हम सब करेंगे उनसे बातः अतुल गर्ग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर सांसद अतुल गर्ग से मिले थे। पार्षदों ने उनसे अनुरोध किया था कि वह निगम की बोर्ड बैठक में भाग लें। दैनिक करंट क्राइम ने पार्षदों की मुलाकात और सांसद के जवाब को लेकर सांसद अतुल गर्ग से ही बात की। क्या अतुल गर्ग हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में पार्षदों के साथ रहेंगे।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेयर नगर निगम के सदन की मुखिया हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि मिल कर इस मुद्दे पर मेयर से बात करेंगे। सांसद ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस संबंध में मेयर से बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि मेयर भी इस पक्ष में है कि जनता पर हाउस टैक्स ज्यादा नहीं लगना चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हम सभी बैठकर विचार विमर्श करेंगे और उसी के बाद निर्णय लेंगे कि क्या किया जा सकता है। सांसद अतुल गर्ग ने मेयर और जनप्रतिनिधियों की मुलाकात के दिन और समय की बात पर कहा कि जल्द ही हम लोग बात करेंगे।

## बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में लग गए सोसाइटी गेट के बाहर बैनर
## कौशाम्बी के लोग बोले, हम सब करेंगे बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का मामला धीरे धीरे विरोध की तरफ बढ़ रहा है। पार्षद सांसदों के दरवाजे हैं और जनता ने अब अपने दरवाजे पर विरोध के बैनर लगवा दिये हैं। विरोध की ये जनशुरूआत नदिया पार से हुई है। यहां कौशाम्बी की कई सोसाइटी में लोगों ने विरोध के बैनर लगा दिये हैं। कौशाम्बी की सूर्यालेन सोसाईटी में बैनर लगा है। ये बैनर सोसाइटी के गेट पर लगा है। इसमें कहा गया है कि हम सब तो बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में हैं। वहीं दूसरा बैनर कौशाम्बी की पार्क स्ट्रीट लाईन सोसाइटी के गेट पर लगा है। ये बैनर सोसाइटी के लोगों ने लगाया है और वो बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में आ गये हैं। सोसाइटियों के गेट के बाहर विरोध के बैनर लगने की ये शुरूआत हो चुकी है।

### पार्षद बोले हमें जनता ने चुना है, हम जनता के साथ



करंट क्राइम। कौशाम्बी क्षेत्र के जिस वार्ड में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में यहां के निवासियों ने बैनर लगाये हैं। इस वार्ड में भाजपा की पार्षद कुसुम गोयल हैं। उनके पति मनोज गोयल यहां से पार्षद रहे हैं। जब क्षेत्र के लोगों द्वारा हाउस टैक्स का विरोध करने के बैनर लगाये गये तो करंट क्राइम ने इस संबंध में मनोज गोयल से बात की। उन्होंने कहा कि जनता बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध कर रही है और अब जनता सड़कों पर है। उन्होंने कहा कि हम जनता के साथ हैं। हमें जनता ने चुना है। हम पहले से ही हाउस टैक्स बढ़ाये जाने के विरोध में है।

## डीएम कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर के विजन से विज्ञान के प्रति जागरूकता का बढ़ेगा विजन

### इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ ट्रायल लॉन्च का सफल परीक्षण





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश में कुछ आईएएस अधिकारी ऐसे हैं जो अपने विजन से हर उस विभाग को एक नया स्वरूप देते हैं जिसकी वो कमान संभालते हैं। ऐसे ही आईएएस अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर हैं। आईएएस महेन्द्र सिंह तंवर ने गाजियाबाद में नगर आयुक्त रहते हुए अपने विजन से नगर निगम के स्वरूप को सुधारा था। इन दिनों वो कुशीनगर के जिलाधिकारी हैं। जिले की कमान ऐसे विजनरी अधिकारी संभाले और वहां कुछ गौरवमयी ना हो, ऐसा नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर ऐसा जिला बना है जहां इन स्पेस मॉडल रॉकेट्री और कैनसैट स्टूडेंट इंडिया प्रतियोगिता 2024-25 के लिए मॉडल रॉकेट्री का ट्रायल लांच का सफल परीक्षण किया गया है। एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केन्द्र, आईएन-स्पेस एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद के तमकुही राज तहसील के गांव रकबा जंगल पट्टी सेवरही में 14-15 जून को एक मॉडल रॉकेट के लिए लांचर सिस्टम वैलीडेशन टेस्ट के लिए सफल परीक्षण किया। इन स्पेस के निदेशक के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के प्रभाव और इससे उत्तर प्रदेश और भारत के उभरते वैज्ञानिकों को कैसे लाभ हो सकता है इस पर चर्चा की।

### नारायणी नदी के तट पर मॉडल रॉकेट का हुआ ट्रायल लॉच

करंट क्राइम। इन स्पेस मॉडल रॉकेट की इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन 2024-25 से पहले 14-15 जून को तमकुही राज के सेवरही में नारायणी नदी के तट पर मॉडल रॉकेट का ट्रायल लॉच हुआ। देवरिया लोकसभा के सांसद शंशाक मणि ने ट्रॉयल लॉच का शुभारंभ किया। आगामी अक्टूबर नंवबर में तमकुही राज में देश भर में युवा वैज्ञानिक अपने मॉडल रॉकेट की प्रतिभा दिखायेंगे। सांसद शंशाक मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतत्व में ऐसे कार्यक्रमों से विकसित भारत के संकल्पों में देवरिया कुशीनगर की भागीदारी सुनिश्चित होगी। यह ट्रॉयल लॉच देवरिया कुशीनगर के युवाओं के लिए अंतरिक्ष की नई उड़ान साबित होगा। इन-स्पेस के निदेशक डॉ विनोद कुमार ने कहा कि पूर्वांचल की धरती पर ऐसी प्रतियोगिताओं से यहां के युवाओं में अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता बढ़ेगी जिससे वो वैज्ञानिक बनने की ओर अग्रसर होंगे।

### प्रतियोगिता के आयोजन से सुदूर क्षेत्रों के बच्चों में बढ़ेगी अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता : डीएम महेन्द्र सिंह तंवर

करंट क्राइम। कुशीनगर के जिलाधिकारी आईएएस महेन्द्र सिंह तंवर ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से सुदूर क्षेत्र के बच्चों में रॉकेट व अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। रॉकेट प्रतियोगिता छोत्रों के लिए अविश्वसनीय रूप से लाभदायक और कारगर साबित होती है जो छोत्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## आंख में मिर्च डाली, कमर पर पिस्टल लगाई और फिर मुनीम से लूट लिए 8.15 लाख

**कवि नगर थानाक्षेत्र में नेहरू नगर फ्लाईओवर के निकट दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने की लूट**

**- पुलिस के आलाधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**

**- बदमाशों की सीसीटीवी आई सामने, टीमें जांच में जुटी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन अंतर्गत आने वाले कवि नगर थानाक्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने आइसक्रीम कंपनी के कोल्ड स्टोरेज में ड्राइवर की नौकरी करने वाले अमित से 8.15 लाख रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। बाइक सवार बदमाशों ने पहले अमित की स्कूटी को ओवरटेक किया, पीछे बैठे बदमाश ने कहा बाइक बराबर में करो, इसके बाद बदमाश उतरे और अमित की आंखों में मिर्च डाली और बीच में बैठे बदमाश ने पिस्तौल लोड कर कमर पर लगा दी। इसके बाद स्कूटी की डिक्की में रखे पैसों के बैग को निकाला और मौके से फरार हो गए। जब तक अमित कुछ समझ पाता बदमाश मौके से निकल चुके थे। अमित ने फिर शोर मचाया आसपास की नर्सरी में काम करने वाले लोग आए और फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहले सिहानी गेट और कवि नगर पुलिस पहुंची और फिर एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के बाद एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी व पुलिस कमिश्नर जे रविंद गौड भी घटनास्थल पर मामले की जानकारी लेने पहुंचे। फिलहाल इस पूरे लूटे के मामले में पुलिस, क्राइम ब्रांच से लेकर थाने और डीसीपी सिटी की स्वॉट टीम खुलासे में लगी हुई है।

### बदमाशों ने फिर दिखाए बुलंद हौसले, सरेराह की लूट





करंट क्राइम : सोमवार को मौसम साफ था, घटना दिनदहाड़े हुई है और मार्ग सुनसान रहा, पर बदमाशों के हौसले बता रहे हैं कि उन्होंने पूरी घटना को रेकी करने के बाद अंजाम दिया है। फिलहाल जानकारी के अनुसार लाल कुआं पर अजंता कोल्ड स्टोरेज है। बताया जा रहा है यहां सिद्धार्थ रस्तोगी और समीर रस्तोगी आइसक्रीम के बड़े डिस्ट्रीब्यूटर हैं। जहां पर अमित लंबे समय से ड्राइवर और मुनीम का काम कर रहा है। यह सोमवार को शनिवार और रविवार का कैश जमा करने के लिए राजनगर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने नेहरू नगर फ्लाईओवर के निकट उसे ओवरटेक किया और लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि अमित के पास 8 लाख 15 हजार रुपये कैश और कई चेक मौजूद थे।

### सीपी, एडिशनल सीपी और एसीपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



करंट क्राइम : बीते दिनों ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले टीलामोड थानाक्षेत्र में 15 लाख रुपए की स्टांप विक्रेता से लूट हुई। हालांकि इसका खुलासा हो गया लेकिन फिर एक सप्ताह के दौरान बदमाशों ने गाजियाबाद पुलिस को चुनौती देते हुए सरेराह लूट की वारदात को अनजाम दिया है। लूट की इस घटना की जैसे ही जानकारी मिली, तो एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा मौके पर पहुंचे। उनके बाद डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, तो वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

### बाइक से निकला था अमित, स्कूटी पर कैसे हुई वारदात



करंट क्राइम : लूट की इस वारदात को खोलने के लिए पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं। तो वहीं स्वॉट टीम, क्राइम ब्रांच और डीसीपी सिटी की टीम काम कर रही है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित अमित लाल कुआं से बाइक पर निकला था और रास्ते में फिर उसने बाइक चेंज की और स्कूटी में कैश रखकर वह बैंक जा रहा था। ऐसे में पुलिस उससे कई एंगल से पूछताछ कर रही है। तो वहीं पुलिस को कवि नगर इलाके की कुछ सीसीटीवी फुटेज मिली हैं, जिसमें बदमाशों की बाइक नजर आ रही हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए बदमाशों तक पहुंचाने का काम कर रही है। तो वहीं अमित इतना कैश होने के बाद बाइक को छोड़कर स्कूटी पर क्यों निकला इसकी भी जांच कर रही है।



"घटना के खुलासे के लिए कई टीम बनाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली है। पूरे मामले को पुलिस लूट और मिली भगत की दृष्टि से भी देख रही है। घटना के खुलासे पर कई टीमें काम कर रही हैं।"

**धवल जायसवाल, डीसीपी सिटी जोन**

# घनन-घनन घिर आए बदरा...घन घनघोर कारे छाए बदरा...

## प्रदेश में बदला मौसम, 18 जून से दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली।** प्रदेश का मौसम अब करवट ले रहा है। रविवार को तापमान में गिरावट महसूस की गई। उत्तरी और पश्चिमी यूपी में बारिश से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से लू का दौर खत्म होगा और पूरे प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं तेज हवा के साथ बारिश और बौछारें पड़ने के आसार हैं। इसे मानसून की आहट बताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गोरखपुर से होकर 18 जून को मानसून दस्तक दे सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई प्री मानसूनी बारिश से तापमान में व्यापक गिरावट महसूस की गई है।

**मौसम विभाग ने जारी किया मानसून का अलर्ट**

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से चल रही लू और उमस भरी गर्मी के प्रभाव में कमी शुरू हो गई है। 16 जून के बाद उमस भरी गर्मी से पूरी तरह से निजात मिलने की उम्मीद है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को उत्तरी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हुई है। इसकी वजह से तापमान में एक से तीन डिग्री की कमी दर्ज की गई। प्रदेश के दक्षिणी-पश्चिमी क्षेत्र में भी बौछारें पड़ीं।

रविवार को वाराणसी 43.2 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। दूसरे नंबर पर उरई रहा जहां का तापमान 42.6 डिग्री रहा।

मौसम विभाग की ओर से सोमवार को सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ,




बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद और रामपुर में मेघगर्जन के साथ ही वज्रपात अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर समेम आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि का पूर्वानुमान जताया है।

**यहां वज्रपात की संभावना :** बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, संत रविदास नगर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।



# केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के साथ आजादी के बाद पहली बार जातीय जनगणना का रास्ता साफ हो गया है। अब पूरे देश में मार्च 2027 की रेफरेंस डेट से जातीय जनगणना कराई जाएगी। हालांकि, इससे पांच महीने पहले अक्तूबर 2026 में पहाड़ी राज्यों में जातीय जनगणना का कार्यक्रम पूरा कर लिया जाएगा। यानी इन राज्यों में अक्तूबर 2026 में आबादी से जुड़े जो भी आंकड़े होंगे, वही रिकॉर्ड में दर्ज किए जाएंगे।

जनगणना की अधिसूचना जारी होने के बाद आगे क्या-क्या होगा? इस बार आबादी की गिनती की प्रक्रिया कितनी अलग होगी? आम जनगणना से जातीय जनगणना कितनी अलग होती है? भारत में इस तरह की जनगणना का क्या इतिहास रहा है? इसके अलावा देश में कब-कब जातिगत जनगणना की मांग हुई है?




**आजादी के बाद पहली बार जातीय जनगणना का रास्ता साफ**

**अधिसूचना जारी होने के बाद क्या होगी प्रक्रिया? :** जनगणना का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद केंद्र सरकार को 1948 के जनगणना कानून के तहत इसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होता है। यह तीन चरणों में आगे बढ़ता है..

ऐसे में केंद्र सरकार हर बार काफी विचार के बाद अलग-अलग चरणों के लिए सवालों का जत्था तैयार करती है। पहला चरण- घरों को सूचीबद्ध करने का है। इसमें घरों और उनकी स्थिति से जुड़े सवालों को प्राथमिकता दी जाती है।

कुछ इसी तरह अलग से सवालों का एक जत्था आबादी की गणना करने के लिए भी बनाया जाता है। 2011 के सवालों को ही ले लें तो लोगों से उनका नाम, लिंग, उम्र, धर्म, किस जाति से हैं (एससी या एसटी), मातृभाषा, शैक्षणिक स्तर, नौकरी, आदि को लेकर सवाल पूछे जाते हैं। बीते दशक जो जनगणना हुई थी, उसका पूरा डाटा मार्च के अंत तक रिलीज कर दिया गया था। इसकी आखिरी रिपोर्ट, जिसमें जनसांख्यिकी, धार्मिक पृष्ठभूमि, भाषाई आधार व अन्य जटिल जानकारियां दी गई थीं, उसे दो साल बाद अप्रैल 2013 में जारी किया गया था।

**इस बार कितनी अलग और अहम होगी जनगणना? :** 1881 में जनगणना शुरू होने के बाद से 2011 तक यह बिना किसी रुकावट के जारी रही। हालांकि, कोरोनावायरस महामारी के चलते 2021 में जारी होने वाली जनगणना को टाल दिया गया था।

2021 के बाद से देश में सरकार ने कई फैसले लिए हैं, जिनसे 2027 की जनगणना बीती सभी जनगणनाओं से अलग हो गई है। देश में जनगणना की शुरूआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे।

### जनगणना करने वाले अधिकारी किस तरह के सवाल पूछेंगे?




जनगणना का कार्यक्रम जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की गिनती नहीं है। वृहद तौर पर देखा जाए तो यह भारत में कई पहलुओं को जानने का भी अवसर बनता है। मसलन देश में कितनी आबादी है, इसमें पुरुषों-महिलाओं की जनसंख्या कितनी है? साक्षरता दर कितनी है? किस धर्म के कितने लोग भारत में बसते हैं? भारत में प्रजनन दर कितनी है? अलग-अलग वर्गों की आर्थिक स्थिति कैसी है, आदि। यानी जनगणना लोगों की गिनती ही नहीं, बल्कि समाज के मूलभूत ढांचे को समझने का भी जरिया है।

# अचानक बिगड़ी सोनिया गांधी की तबीयत

## दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में किया गया भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को रविवार (15 जून, 2025) की रात 9 बजे पेट संबंधी समस्या के चलते सर गंगा राम अस्पताल के सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ अजय स्वरूप ने बताया है कि सोनिया गांधी की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है और डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



**अब कैसी है सोनिया गांधी की तबीयत? :** सर गंगा राम अस्पताल के डॉ। स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी को पेट से संबंधित समस्या के चलते इमरजेंसी में भर्ती किया गया था। अस्पताल कर्मचारियों और डॉक्टर्स की टीम ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने बताया कि उनका स्वास्थ्य फिलहाल स्थिर है और डॉक्टर निगरानी कर रहे हैं।₹ बीते कुछ सालों में सोनिया गांधी की सेहत नासाज रही है।

कोरोना काल में भी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**कांग्रेस में सोनिया गांधी निभा रही हैं अहम भूमिका :** सोनिया गांधी ने 1997 में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली और केवल एक साल बाद, 1998 में पार्टी की अध्यक्ष बन गईं।

उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने दो बार-साल 2004 और 2009 के आम चुनावों में जीत दर्ज की और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार बनाई। हालांकि, उन्हें प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया और डॉ मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के तौर पर चुना।

# 'बेटे ने मौत को करीब से देखा': ईरान में फंसे बेटे की गाजियाबाद के पिता ने सुनाई आपबीती

**नई दिल्ली।** इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कई भारतीय फंस गए हैं। युद्ध में गाजियाबाद के लोनी का रहने वाला रिजवान हैदर भी वहां फंस गया है। बेटे के फंसने के बाद परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। रिजवान एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए तेहरान गया था।

**पीएम मोदी से लगाई मदद की गुहार**



**एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए ईरान गया है रिजवान :** लोनी के बहेटा हाजीपुर निवासी रिजवान हैदर एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए तेहरान में है। युवक के परिजनों ने प्रधानमंत्री से बेटे को सुरक्षित भारत लाने की गुहार लगाई है। बेहटा हाजीपुर निवासी मोहम्मद अली पत्नी, तीन लड़कों व दो लड़कों के साथ रहते हैं।

**'भारतीय दूतावास है व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में**

**पिता बोले- बेटा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहता है :** उन्होंने बताया कि उनका बेटा रिजवान हैदर पढ़ाई के लिए बाहर जाना चाहता था। पढ़ाई को पूरी करने के लिए परिजनों ने उसे तेहरान पढ़ाई करने के लिए भेजा था। रिजवान हैदर एमबीबीएस करने के लिए गया था। बेटा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहता है।

**हॉस्टल पर ही इस्राइल ने की बमबारी :** बमबारी के चलते विश्वविद्यालय के बच्चों को दूसरे हॉस्टल में शिफ्ट किया गया था। रविवार करीब चार बजे जब उनका बेटा खाना खाने के लिए हॉस्टल से दूर होटल पर पहुंचा तो इस्राइल की तरफ से की गई बमबारी में हॉस्टल पर बम गिराए गए। जिससे बिल्डिंग धवस्त हो गई। उनके पिता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बच्चे को बचाने की गुहार लगाते हुए बेटे की सकुशल वापसी की मांग की है।

**भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी :** इस बीच तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों की निगरानी करते रहने को कहा है। एडवाइजरी में कहा गया, 'हम ईरान में सभी से अपील करते हैं कि दूतावास से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए हमारे टेलीग्राम लिंक से जुड़ें। कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो वर्तमान में ईरान में हैं।

उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में है। विश्वविद्यालय ने ज्यादा सहायता नहीं की है। हममें से ज्यादातर लोग डरे हुए हैं और घर के अंदर ही रह रहे हैं। हमें नहीं पता कि यह कब तक चलेगा।

# अंडे देने वाली मुर्गी मारने पर महिला ने की एफआईआर

**सीवान।** सीवान में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मुर्गी की हत्या पर केस दर्ज हुआ है। यह पूरा मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा गांव का है, जहां एक महिला रिंकी देवी अचानक थाने पहुंची। उसने एक हाथ में मरी हुई मुर्गी और दूसरे हाथ में आरोपियों के खिलाफ आवेदन लेकर थानेदार को दिया। इस मामले को सुनकर सभी लोग हैरान रह गए।

## थाने में ही रोने लगी महिला

महिला ने बताया कि मैं इस मुर्गी से बहुत प्यार करती थी और इसी के साथ रोज सोती भी थी। लेकिन, उसके देवर गुड्डू और ननद सोनम एवं शिला ने ही इसकी गर्दन दबाकर हत्या कर दी। महिला ने कहा कि उसका देवर गुड्डू रोज इसी मुर्गी के दो अंडे खाता था। एक दिन पूर्व अंडे को लेकर कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद आज मेरे देवर गुड्डू और घर के तीन लोगों ने मिलकर इस मुर्गी की गर्दन दबाकर हत्या कर दी।




महिला थाने में ही रोने लगी और मुर्गी की हत्या का आरोप अपने ही देवर और ननद पर लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगी। महिला की आवेदन लेने के बाद थाना प्रभारी ने कहा कि पहले तुम इस मुर्गी को दफनाकर आओ, फिर देखते हैं।

# एयर इंडिया के विमान में फिर खराबी

## उड़ान भरने के एक घंटे बाद ही वापस हांगकांग लौटा

**नई दिल्ली।** हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक्315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल भारत में एअर इंडिया की तरफ से किया जा रहा है। 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में ऐसा ही एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान विमान में सवार 242 लोगों में 241 लोगों की मौत हो गई थी।




विमान सेवा कंपनी ने एक बयान में कहा कि विमान संख्या अक315 हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री विमान से उतर गए हैं। साथ ही कहा कि विमान का निरीक्षण किया जा रहा है। विमान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समय) रवाना हुआ और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली उतरना था। विमान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुआ, जबकि इसका निर्धारित प्रस्थान सुबह 8.50 बजे था। विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर सवा एक बजे एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

**बीते दिन भी हुई थी ऐसी घटना :** इससे पहले रविवार को लंदन के हीथ्रो हवाइ अड्डे से चेन्नई (भारत) के लिए रवाना हुई ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान बीए35 ने उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद तकनीकी दिक्कत महसूस की। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर दोपहर 1:16 बजे (ब्रिटिश समयानुसार) पर 36 मिनट की देरी से उड़ा, लेकिन लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई पर पायलटों ने फ्लैप सिस्टम में गड़बड़ी के संकेत पाए। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को डोवर की खाड़ी के ऊपर होल्डिंग पैटर्न में घुमते हुए कई चक्कर लगाए। इसी दौरान विमान लगभग 30 मिनट तक 12,000 फीट पर रहा और सुरक्षित लैंडिंग के लिए अतिरिक्त ईंधन हवा में ही गिराया गया, ताकि वजन कम हो सके। कुल लगभग एक घंटा 45 मिनट बाद विमान ने हीथ्रो के रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्रियों और क्रू को सकुशल उतार लिया गया।

लुफ्थांसा की फ्लाइट को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट वापस जाना पड़ा था

बीते दिन हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को रविवार शाम को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस उतरना पड़ा था। फ्लाइट जर्मनी से रवाना हुई थी। उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था।

# दिल्ली के अशोक विहार में झुग्गियों पर बुलडोजर एक्शन

## राजधानी की झुग्गियों पर चल रहे बुलडोजर के खिलाफ आप करेगी आंदोलन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में अभी भी प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है। अशोक विहार के जेलर वाला बाग में कई झुग्गियों को गिरा दिया गया है। झुग्गियों को गिराने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची हैं। टीम के साथ दिल्ली पुलिस और भारी सुरक्षा बल भी मौजूद हैं।

**सौरभ भारद्वाज ने भाजपा से किए कई सवाल :** आप के दिल्ली प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि भाजपा की सरकार जब से आई है दिल्ली में गरीबों के घर और रोजगार दोनों उजाड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पंजाब भ्रमण में लगी हुई हैं। यहां दिल्ली में रोज बुलडोजर चलाया जा रहा है।




आगे कहा कि सीएम रेखा बतायें कि इन गरीब लोगों को उजाड़ने से पहले घर कहां दिए गए हैं। केंद्र सरकार बताए कि जहां झुग्गी वहं मकान का क्या हुआ? भाजपा बताए चुनाव से पहले झुग्गी प्रवास की नौटंकी का क्या हुआ?

### फिर साबित हुआ भाजपा कथनी-करनी में अंतर : आतिशी



बीते दिनों कालकाजी विधानसभा स्थित भूमिहीन कैंप की झुग्गियों पर बुलडोजर चलाए जाने पर आम आदमी पार्टी ने कड़ा विरोध किया। स्थानीय विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और कहा था कि फिर साबित हुआ कि भाजपा कथनी और करनी में अंतर है। नहीं उजाड़ने की बात करने वाली मुख्यमंत्री ने झुग्गी तुड़वा दी। आतिशी के अनुसार, सिर्फ 100 दिन में ही भाजपा सरकार ने गरीबों पर तीसरा वार किया। पहले बिजली महंगी की, फिर शिक्षा और अब आशियाने छीन लिए। उन्होंने बताया कि भूमिहीन कैंप मामले में बुधवार सुबह 11 बजे कोर्ट में सुनवाई होनी थी।

# शोध : अब मजबूत होंगी महिलाओं की हड्डियां, मेनोपॉज के बाद नहीं होगी दिक्कत

नई दिल्ली। आंत में पाई जाने वाली नियामक टी कोशिकाएं (जीटीआरईजीएस) मेनोपॉज के बाद महिलाओं की हड्डियों को स्वस्थ रखेंगी। इसका खुलासा एम्स के शोध में हुआ है। ये विशेष प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाएं हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को विनियमित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं की हड्डियां एस्ट्रोजन के स्तर में कमी के कारण कमजोर हो जाती हैं। एस्ट्रोजन एक हार्मोन है, जो हड्डियों को मजबूत रखने में मदद करता है। इसके अभाव में हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है




और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। आंत प्रतिरक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा घटक है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली हड्डियों के होमियोस्टेसिस को बनाए रखने व ऑस्टियोपोरोसिस को बढ़ने से रोकता है। एम्स की शोध में पता चला कि आंत में रहने वाली नियामक टी कोशिकाएं मेनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस होने से रोक सकती हैं। एम्स के बायोटेक्नोलॉजी विभाग व ट्रांसलेशनल इम्यूनोलॉजी, ऑस्टियोइम्यूनोलॉजी और इम्यूनोपोरोसिस लैब के अतिरिक्त प्रो डॉ. रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार मेनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस के पैथोफिजियोलॉजी में आंत में रहने वाले नियामक टी कोशिकाओं के बारे में पता चला।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 17 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# एक तरफ पार्षद उगल रहे हैं बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में आग

## दूसरी तरफ वार्ड 100 के पार्षद ने कहा, विकास के लिए जरूरी है जमा करना टैक्स



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं और बड़ी बात ये है कि यहां सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षदों ने इसकी कमान संभाली हैं। इससे पहले पार्षद अपने सांसद से मिले और बढ़े टैक्स के विरोध में उनका सहयोग मांगा। पार्षदों ने विधायक से मुलाकात की। वहीं पार्षद अब हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में विशेष बोर्ड बैठक बुलाये जाने की मांग कर रहे हैं। जनता अलग विरोध कर रही है। पार्षद अलग विरोध कर रहे हैं और इस सबके बीच 100 पार्षदों वाले सदन में एक पार्षद ऐसे आये हैं जिन्होंने टैक्स बढ़ोत्तरी के पक्ष में अपनी बात रखी है। नगर निगम के 100 पार्षदों वाले सदन में ये पार्षद वार्ड 100 के संजय सिंह है। संजय सिंह ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो जारी किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर आकर कहा कि 31 जुलाई तक 20 प्रतिशत की छूट है और सभी क्षेत्रवासियों को इस छूट का लाभ लेना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यदि कोई समाधान होगा तो वो बाद की बात है। लेकिन विकास के लिए हाउस टैक्स जमा कराना जरूरी है। उन्होंने सम्पत्ति कर को विकास की अनिवार्य शर्त बताया। पार्षद संजय सिंह ने कहा कि नगर निगम के सदन की नेता मेयर हैं। नगर आयुक्त और मेयर संयुक्त रूप से जो भी फैसला लेते हैं उसमें हम मेयर के साथ हैं। संजय सिंह ने कहा कि टैक्स का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट के फैसले पर अधिकारी संज्ञान लेंगे और 20 प्रतिशत की छूट का फायदा जनता को लेना चाहिए। पार्षद संजय सिंह ने कहा कि हमें इस मुद्दें पर जहां लड़ाई लड़नी होगी हम लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला आने दीजिए। उन्होंने कहा कि हमारी मेयर पटल पर बैठ रहीं हैं और अगर कोर्ट के फैसले से पहले कोई स्थिति बनती है और निर्णय निकल कर आता है तो हम उसका भी स्वागत करेंगे। उन्होंने अपने हाथ में दो पेपरों को भी दिखाया और कहा कि एक पेपर में जीडीए के एक फैसले का उल्लेख है और तुलनात्मक रूप से हाउस टैक्स का रेट बताया गया है। संजय सिंह ने इन्दिरापुरम के टैक्स का जिक्र किया और कहा कि जीडीए की तुलना में अब हाउस टैक्स कम हुआ है। अंत में संजय सिंह ने कहा कि लोग चाहते थे कि संजय सिंह कुछ बोलें। मैं अपने दिल की आवाज बोल रहा हूं।

### पूर्व महिला पार्षद ने क्यों डाल दिया ग्रुप पर टैक्स जमा करने का संदेश




**करंट क्राइम।** नदिया के इस पार टैक्स को लेकर एक माहौल बन रहा है। एक पूर्व महिला पार्षद ने एक ग्रुप पर टैक्स जमा करने का मैसेज डाला। उन्होंने लिखा कि टैक्स काफी बढ़ गया है। एक बार टाउन हॉल जाकर चैक करवा लो और हाउस टैक्स जमा करा दो। क्योंकि हाउस टैक्स कम नहीं होगा। बताते हैं कि थोड़ी देर में यह मैसेज कॉलोनी के दूसरे लोगों तक पहुंचा। यहां पर एक विरोध इस बात को लेकर भी शुरू हो गया कि पूर्व पार्षद ने ऐसा क्यों लिखा है। वहीं कॉलोनी के अन्य लोगों का ये कहना था कि उन्होंने केवल सुझाव दिया है और ये भी कहा है कि टैक्स काफी बढ़ गया है। उन्होंने सिर्फ आशंका जताई है कि हाउस टैक्स कम नहीं होगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा आरडी ने समय समय पर दिखाई है अपनी ताकत? अपने प्रिय एकेजी को भी गाजियाबाद में बुलाकर कराया है अपनी ताकत का एहसास? मगर हम देख रहे हैं अब तो उन्हें बहुत समय हो गया भगवाधारी होते हुए? बावजूद इसके भगवागढ़ में मजबूत नहीं हुए उनके हालात? भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य तक की नहीं है उनके पास जिम्मेदारी? हमें तो इस बात का भी डाउट है क्या सक्रिय सदस्यता भी हुई है उनकी जारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के राम निवास भैया दिखाते हैं जनहित के मुद्दों पर अपना आगाज? जब करना था जीडीए पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कूच? तब वो दिखाई दे रहे थे पप्पू पहलवान के साथ? मगर ना जाने क्या हुआ प्रदर्शन वाले दिन ही खत्म हो गई उनकी अल्गार? हमने देखा आंदोलन में नहीं हो रहे थे उनके दीदार? जब इस विषय पर किसी ने पप्पू भैया से चर्चा की, तो उन्हेंाने कहा कौन कब बदल जाये ये है हमारी समझ से बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा लोटस शायद उस वक्त हुए होंगे बहुत ज्यादा हैरान? जब प्रवासी के तौर पर उनका लगा होगा मंडल में प्रोग्राम? हमने देखा 16 लोगों के चयन को लेकर जो आयोजित की गई थी महत्वपूर्ण मीटिंग? उस मंडल में नजर आई केवल 10 लोगों की ही सीटिंग? पता चला है इतनी बडी संख्या को देखकर भगवा लोटस हो गये थे बहुत ज्यादा हैरान? सुना है इस आपबीती को उन्हेंाने भगवा योद्धा से भी साझा किया था? शायद एहसास कराया था कि इस अंगने में आखिर हमारा क्या है काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी पहुंचा देना नगर निगम के अधिकारियों तक बात? अभी तो ली अंगड़ाई है, अभी तो है शुरूआत? अभी हमने 30 पार्षदों के हाउस टैक्स के विरोध में समर्थन पत्र किये हैं हासिल? मगर हम 4-5 दिन के अंदर चलने वाले हैं बड़ा दांव? अगले दिनों में हम 90 पार्षदों के समर्थन पत्र जुटाकर करेंगे अधिकारियों का घेराव? यूं ही नहीं चलने दिया जायेगा इस मामले में अधिकारियों का दांव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रदेश वाले चौधरी साहब दे रहे हैं नदिया पार के युवा चेहरे को पूरी आशीष? इस बात की हुई हमे तब तस्दीक? हम देख रहे थे भगवा चौधरी गेस्ट हाउस के कमरे के बाहर खड़े थे? चौधरी साहब ने बुला लिया उनको अपने करीब? कहा तुम बाहर मत खड़े हो, मीटिग में बैठो हमारे साथ? कहने वाले ने कहा हम मान गये उस वक्त युवा चौधरी का जलवा? क्योंकि जिस मीटिंग में युवा चौधरी को बिठाया था? उसमें मौजूद थे मिस्टर गर्ग और मेयर साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी कह रहे थे हम हाउस टैक्स पर मेयर साहब के होते हुए कुछ बोलें ये नहीं है लाजमी? मगर हम आपको इतना बता रहे हैं, कि अगर मेयर साहब हमको इशारा कर दें? तो टैक्स के विरोध में खड़े कर दें हम 10 हजार आदमी? कहने वाले ने कहा विधायक जी तो हैं हाउस टैक्स के खिलाफ पूरी तरह तैयार? मगर वो इस मैटर में कर रहे हैं मेयर साहब के इशारे का इंतजार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बढ़े टैक्स को लेकर एक मौहल्ले में चल रहा है भगवा समर्थन और विरोध वाला खेल? मौहल्ले के मंडल प्रधान ने साध ली है टैक्स को लेकर पूरी तरह खामोशी? क्यों कहा कहने वाले ने कि जिन्हे जिताया था जनता ने पार्षदी का चुनाव और करायी थी उनकी नगर निगम में ताजपोशी? वो पार्षद के नहीं हो रहे हैं दीदार और सुना है पार्षद पति ने भी कर दिया इस मुद्दे पर कुछ भी हां या ना कहने से इंकार? सुना है मंडल वाले हैं खामोश और पूर्व पार्षद ने कर दिया कुछ ऐसा कि मौहल्ले वालों को आ गया रोष?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंत्री जी के मौहल्ले में क्यों चल रहे हैं इन दिनों राम लीला की भगवा महाभारत के हल्ले? मीडिया वाले चौधरी साहब ने क्यों उठा लिया रामलीला के अध्यक्ष वाला धनुष और कमान? सुना है उनके दूसरी तरफ खड़े हैं भाजपा के ही पार्षद निकाल कर अब मयान से बाहर तलवार? क्यों कहा कहने वाले ने कि जबदोनों ही भगवा योद्धओं के पास है ऑलरेडी संगठन और जनप्रतिनिधि वाली कमान? तब ऐसे में वो खुद को इस वाली रामलीला से दूर भी रख सकते थे श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के एक वार्ड में सीन हो गया है किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही हार्ड? सुना है जब आरसीसी वाली सड़क पर बिछने लगी रोड़ी और तारकोल? तब पूर्व महामंत्री ने लिखा लैटर और निकले हैं उनके कंठ से कुछ तगड़े वाले बोल? वो क्यों उठा रहे हैं सड़क की मजबूती को लेकर सवाल? सुना है उन्होंने निगम के बड़े अधिकारी के यहां शिकायत वाला कोई लैटर भी दिया है डाल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी भगवा कृपा का बादल भगवा नगरी में बरसेगा? तो क्या इस बार पंजाबी समाज के किसी चेहरे पर भी ये सेहरा सजेगा? क्या बजरिया वाले कालरा जी के नाम पर, उनकी निष्ठा समर्पण और भाजपाई शिजरे पर भी होगा विचार? क्या किसी गैर विवादित युवा पंजाबी चेहरे के भी करेगा संगठन इस बार कंसीडर? पंजाबी समाज के किस नेता के हिस्से में आयेगी नामित पार्षदी और किस नेता को मिलेगा संगठन वाली टीम में स्थान?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का बड़ा एक्शन

## 232 वाहन चालकों के काटे गए चालान और 26 वाहन किए गए सीज



### पिछले दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने दिया था एक्शन का निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पिछले दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन में विजयनगर थानाक्षेत्र के जल निगम टी पॉइंट पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड गए थे। वहां रॉन्ग साइड वाहनों के संचालक को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यातायात पुलिस के अधिकारियों से इस पर एक्शन लेने का निर्देश दिया था। सोमवार से इसका असर देखने को मिलने लगा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात पुलिस द्वारा एक दिन में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्रवाई करते हुए 232 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। तो वहीं 26 वाहनों को सीज भी किया गया है। इसके साथ ही यातायात पुलिस के अधिकारी कह रहे हैं कि यह अभियान लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग जोन में चलाया जाएगा।

### हाईवे से लेकर लोकल रास्तों पर की गई कार्रवाई



**करंट क्राइम :** सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा दिल्ली-मेरठ हाईवे तो वही पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के साथ ही जीटी रोड और शहर के प्रमुख इलाकों के साथ ही लोकल स्थानों पर भी गलत दिशा में वाहन चलाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ने बताया है कि सोमवार को कुल 232 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। तो 26 वाहनों को सीज भी किया गया है। उन्होंने कहा है यह अभियान आने वाले दिनों में भी प्रमुख मार्गों और दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

### सड़क हादसों में रॉन्ग साइड वाहन संचालन बनता है हादसे की वजह

**करंट क्राइम :** इस मामले में एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन का कहना है कि सड़क हादसों में अधिकांश मामलों में देखा जाता है कि रोंग साइड से आने वाले वाहनों की वजह से बड़ी दुर्घटना होती हैं। जिसमें जान माल का भी नुकसान होता है। तो वहीं नेशनल हाईवे के साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भी रॉन्ग साइड वाहनों के आने की वजह से कई बार बड़े हादसे हुए हैं। जिसमें दर्जनों लोगों की मृत्यु की खबरें सामने आई थीं। इसी को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है।

# ड्रग पैडलर पिंकी का डिलीवरी बॉय एक करोड़ की स्मैक के साथ गिरफ्तार

## इंदिरापुरम पुलिस को आरोपी सचिन से मिली 685 ग्राम स्मैक



### एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, घटना में प्रयुक्त कार और नगदी की बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस लगातार खुलासे कर रही है। तो लुटेरों से लेकर मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर नकेल कासी जा रही है। रविवार की रात पुलिस ने चेकिंग के द्वारा दिल्ली की ड्रग पैडलर पिंकी के डिलीवरी बॉय सचिन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 685 ग्राम स्मैक जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि पकड़े गए आरोपी सचिन ने पूछताछ में बताया है कि वह दिल्ली में नंद नगरी से पिंकी नाम की महिला से यह माल खरीद कर लता था और फिर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ऑन डिमांड इधर-उधर बेच दिया करता है। पुलिस अब पिंकी और उसके बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई की प्लानिंग कर रही है।

### पुड़िया बनाकर आगे बेची जाती थी स्मैक

**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव में जानकारी दी है कि इंस्पेक्टर इंदिरापुरम रवेंद्र द्वारा चेकिंग में एक कार रोकी गई। पुलिस ने उसकी जांच की तो उसमें से कुछ संदिग्ध सामान बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सचिन निवासी सुंदर नगरी थाना नंद नगरी दिल्ली से पूछताछ की तो यह स्मैक होने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। आरोपी सचिन ने बताया है कि यह स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर आसपास के लोगों को ऑन डिमांड सप्लाई किया करता था। पुलिस उसके संपर्क में रहने वाले कई अन्य और लोगों के बारे में भी पूछताछ और जानकारी जुटाने का काम कर रही है।

### पिंकी की गिरफ्तारी से खुल सकते हैं कई गहरे राज

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में बताया जा रहा है कि ड्रग पैडलर पिंकी है। पिंकी के साथ सचिन जैसे और कितने लोग हैं, अभी पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस पिंकी के पते को लेकर दिल्ली पुलिस के साथ संपर्क कर रही है ताकि पिंकी को गिरफ्तार किया जा सके और उससे भी पूछताछ के बाद अन्य डिलीवरी बॉय और ड्रग सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटा जा सके ।

### ऑन डिमांड की जाती थी छोटे पैकेट में सप्लाई

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सचिन स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर लोगों को ऑन डिमांड सप्लाई किया करता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई होटलों, मॉल और हुक्का क्लब में भी वह ग्राहकों के फोन आने पर ऑन डिमांड सप्लाई किया करता है। बताया जा रहा है कि सचिन बीते करीब डेढ़ साल से इस काम को पिंकी के साथ मिलकर कर रहा था।

# किस संगठन मंत्री ने बालेश्वर त्यागी को टाईम देकर भी नहीं दिया 'टाईम'



❖ **एक बुजुर्ग व्यक्ति, संगठन के इतने बड़े पद पर आसीन और स्वयं हमारे लिए पानी लेकर आ रहे हैं। हमने दौड़कर उनके हाथ से प्लेट ले ली और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। हमें स्वयं पर भी अफसोस हुआ कि इस ठेठ दोपहरी में हमने इतने वरिष्ठ जन को अनावश्यक कष्ट दिया। जबकि हमें ऐसे कोई काम भी नहीं था।**

❖ **उन्होंने तुरंत कहा कि अरे नहीं आप क्यों मै स्वयं आपसे भेंट करूंगा। अखबार से पता चला कि वे कई बार गाजियाबाद आए लेकिन उनकी ओर से न तो कोई सूचना मिली और न उन्होंने भेंट की। विधान सभा चुनाव निकट देखकर एक दिन मैने उन्हें लखनऊ फोन किया और पूछा कि कब आप दिल्ली आ रहे हैं। आपसे भेंट करनी है। उन्होंने तुरंत उत्तर दिया कि विधान सभा चुनावों के बाद । मैने ऐसे उत्तर की अपेक्षा नहीं की थी। साहस बटोर कर पूछा चुनाव समाप्त होने तक दिल्ली आओगे ही नहीं, उन्होंने ना कहकर फोन काट दिया।**

❖ **भाजपा कार्यालय पर एक क्षेत्रीय संगठन मंत्री रहते थे। एक विधायक जी ने उनसे मिलने के लिए समय मांगा। उन्होंने विधायक जी को एक घंटे तक इंतजार कराया। तब मिलने को बुलाया?**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हम जुनूनी तो पहले से थे लेकिन व्यवहारिकता का हममें अभाव था। एक दिन दिल्ली किसी कार्य से गए थे। मन में विचार आया चलो 10 राजेंद्रप्रसाद रोड पर सुंदर सिंह भंडारी रहते हैं, उनसे ही भेंट करते हैं। कुछ न कुछ राजनैतिक चर्चा हो जाएगी। जानकारी में वृद्धि हो जाएगी। सुंदर सिंह भंडारी संभवतः उस समय भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे और उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी थे। वे आरएसएस के प्रचारक थे और वहीं से भाजपा/ जनसंघ में आए थे। अविवाहित थे, पूर्णकालिक थे। 10 राजेंद्र प्रसाद रोड का बंगला राज्यसभा सदस्य जगदीश माथुर जी को आबंटित था। माथुर जी भी पूर्णकालिक पूर्व प्रचारक थे। सुंदर सिंह भंडारी जी और शायद कैलाशपति मिश्र भी उसी आवास में रहते थे।

गर्मियों के दिन थे शायद 2 बजे थे। हम दो तीन लोग थे। आवास की घंटी बजाई। स्वयं भंडारी जी ने उठकर दरवाजा खोला। हमने नमस्ते की और भंडारी जी ने अपने कक्ष में बैठने के लिए कहा और आवास के दूसरे हिस्से में चले गए। थोड़ी देर में देखते हैं कि भंडारी जी एक प्लेट में तीन ग्लासों में पीने के लिए पानी लेकर आ रहे हैं। उन्हें ऐसे आता देख कर हमें बड़ी शर्मिंदगी आई। एक बुजुर्ग व्यक्ति, संगठन के इतने बड़े पद पर आसीन और स्वयं हमारे लिए पानी लेकर आ रहे हैं। हमने दौड़कर उनके हाथ से प्लेट ले ली और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। हमें स्वयं पर भी अफसोस हुआ कि इस ठेठ दोपहरी में हमने इतने वरिष्ठ जन को अनावश्यक कष्ट दिया। जबकि हमें ऐसे कोई काम भी नहीं था। केवल भेंट करना और कुछ न कुछ राजनैतिक जानकारी पाने का लोभ संवरण न करने के कारण हमने उन्हें कष्ट दिया। लेकिन एक घंटा बहुत सारे विषयों पर चर्चा हुई। कई शंकाओं का समाधान भी हुआ और कई नई राजनैतिक जानकारी भी मिली। हमें पूरे समय एक क्षण भी ये आभास नहीं हुआ कि हमारे असमय आने से भंडारी जी कहीं जरा भी असहज हुए हों। शायद उनके लिए कार्यकताओं को जोड़ने की ये सामान्य सी प्रक्रिया हो। शायद उन्होंने देश भर के न जाने कितने कार्यकताओं को अपने ऐसे व्यवहार से प्रेरणा दी हो।

अगर नए समय की बात करें तो मुझे स्मरण आता है कि एक दिन अपने एक शुभचिंतक ने जो मंत्री थे फोन किया और पूछा कि आपका संगठन मंत्री से परिचय हुआ या नहीं। मैने कहा कि भेंट तो हुई है लेकिन शायद उन्हें याद न हो। उन्होंने संगठन मंत्री जी को फोन दे दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं गाजियाबाद आऊंगा तब आपसे मिलकर भेंट करूंगा। मैने कहा कि अगर मुझे आपके आने की सूचना मिलेगी तो मैं आपसे आकर मिलूंगा। उन्होंने तुरंत कहा कि अरे नहीं आप क्यों मै स्वयं आपसे भेंट करूंगा। अखबार से पता चला कि वे कई बार गाजियाबाद आए लेकिन उनकी ओर से न तो कोई सूचना मिली और न उन्होंने भेंट की। विधान सभा चुनाव निकट देखकर एक दिन मैने उन्हें लखनऊ फोन किया और पूछा कि कब आप दिल्ली आ रहे हैं। आपसे भेंट करनी है। उन्होंने तुरंत उत्तर दिया कि विधान सभा चुनावों के बाद। मैने ऐसे उत्तर की अपेक्षा नहीं की थी। साहस बटोर कर पूछा चुनाव समाप्त होने तक दिल्ली आओगे ही नहीं, उन्होंने ना कहकर फोन काट दिया। ऐसे ही एक अन्य घटना दूसरे माननीय संगठन मंत्री के बारे में एक माननीय विधायक जी ने बताई। भाजपा कार्यालय पर एक क्षेत्रीय संगठन मंत्री रहते थे। एक विधायक जी ने उनसे मिलने के लिए समय मांगा। उन्होंने विधायक जी को एक घंटे तक इंतजार कराया। तब मिलने को बुलाया?

आज के पदाधिकारियों की व्यस्तता अधिक हो सकती है। दायित्व बड़ा हो सकता है। मिलने वालों की संख्या भी अधिक हो सकती है। स्वार्थ पूर्ति के लिए मिलने वालों की संख्या का दबाव अधिक हो सकता है। इसलिए वे मिलने में कृपणता बरतते हों लेकिन पुराने लोगों को ये व्यवहार सुहाता नहीं है। उन्हें ये व्यवहारगत परिवर्तन हाजमोला खाने के बाद भी हजम नहीं होता है। संगठन के लोगों का काम लोक संग्रह है।

उनको अधिकतम लोगों को संगठन के साथ जोड़ना है। सत्तारूढ़ दल के साथ जुड़ने वालों की संख्या स्वतः ही बड़ी होती है लेकिन विचार के साथ जुड़ने वाले कार्यकताओं की भी तो आवश्यकता बनी ही रहती है। हो सकता है कि सत्तारूढ़ होने पर लोक संग्रह के कई और भी विकल्प विकसित हो गए हों। कार्यकताओं से फीडबैक लेने के भी हो सकता है कोई और विकल्प विकसित हो गए हों लेकिन पुराने लोगों को अपना पुराना सिस्टम ही सही लगता है। नए लोगों का व्यवहार पुराने लोगों की बहुत याद दिलाता है।

## संपादकीय

# एक और युद्ध के मंडराने लगे बादल

ईरान ने कहा है कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। उधर, अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है। ईरान से परमाणु समझौते से अलग होने के बाद उसे उम्मीद थी कि वह दबाव में आएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पश्चिम एशिया में दो धुर-विरोधी देश आमने-सामने हैं। ईरान पर इजराइल के भीषण हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से एक और युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं। दरअसल, इजराइल को लगता है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा है। जबकि ईरान का दावा है कि यह नागरिक उद्देश्य के लिए है। मगर, बताया जा रहा है कि ईरान ने इस स्तर तक यूरेनियम संवर्धित कर लिया है कि वह अब परमाणु बम बनाने की स्थिति में है।

इजराइल का दावा है कि इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए हमला किया गया। अब सवाल यह है कि क्या ईरान सचमुच परमाणु बम बनाने में सक्षम हो गया है? बहरहाल, तमाम आशंकाओं के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को जिस तरह निशाना बनाया, जाहिर है ईरान की ओर से भी जवाबी कार्रवाई होनी थी और ऐसा हुआ भी। इससे अब दुनिया में एक और बड़े युद्ध की संभावना बढ़ गई है। इजराइल के हमले में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य अधिकारियों सहित कई वैज्ञानिकों की मौत हो गई। यह उसके लिए बड़ा झटका है। दोनों देशों के नेताओं के आक्रामक बयानों से पूरी दुनिया में चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

अपना परमाणु कार्यक्रम बढ़ाने में जुट गया ईरान ईरान ने कहा है कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। उधर, अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है। ईरान से परमाणु समझौते से अलग होने के बाद उसे उम्मीद थी कि वह दबाव में आएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईरान उल्टे अपना परमाणु कार्यक्रम बढ़ाने में जुट गया। ऐसे में अमेरिका के सामने यह चुनौती तो रहेगी कि वह मध्य पूर्व क्षेत्र में तैनात अपने सैनिकों को सुरक्षित कैसे रखे। उधर, इजराइल का इरादा ईरान के परमाणु कार्यक्रम स्थलों को पूरी तरह ध्वस्त कर देने का है। उन्हीं ठिकानों पर पिछले दिनों उसने हमले भी किए। भारत इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए है। इन दोनों देशों से भारत के रिश्ते हैं। ऐसे में भारत की यह सलाह उचित है कि दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीतिक माध्यम का इस्तेमाल करना चाहिए।

# कनाडाई निवेशकों का भारत पर भरोसा बरकरार

## फरवरी से अब तक हुआ 28000 करोड़ रुपये का एफपीआई निवेश



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी के आंकड़ों के अनुसार कनाडाई निवेशकों ने फरवरी 2025 से अब तक भारतीय बाजारों में करीब 28,000 करोड़ रुपये डाले हैं। साथ ही, मई 2025 तक उनके पास 1.76 लाख करोड़ रुपये डॉलर की इक्विटी संपत्ति है। जी 7 शिखर सम्मेलन से पहले भारत के लिए यह आंकड़ा खास है।

भारत में कनाडाई फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआई) का निवेश तेजी से बढ़ा है। फरवरी 2025 से अब तक कनाडाई एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में करीब 28,000 करोड़ की बढ़ोतरी देखी गई है। बाजार नियामक सेबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 तक कनाडाई निवेशकों के पास कुल शेयरों की संपत्ति लगभग 1.76 लाख करोड़ (करीब 21 बिलियन डॉलर) तक पहुंच चुकी है।

### एफपीआई एयूसी में 3.25 अरब डॉलर की बढ़त

टैरिफ में उतार-चढ़ाव के कारण एफपीआई ने एक बार फिर भारतीय बाजारों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। फरवरी के अंत से कनाडाई एफपीआई एयूसी में 3.25 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। वहीं, शुद्ध एफपीआई निवेश 1.89 अरब डॉलर रहा। इस अवधि के दौरान बेंचमार्क निफ्टी में 11% से अधिक की वृद्धि हुई, जिससे निवेश की संपत्तियों का मूल्य भी बढ़ गया। एफपीआई एयूसी का मतलब है कि विदेशी निवेशकों ने किसी विशेष बाजार में कितना पैसा लगाया है और उनमें से कितना निवेश वर्तमान में संरक्षकों के पास है। जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले निवेश की इस प्रवृत्ति को खास माना जा रहा है। यह इस ओर इशारा करता है कि कनाडा का भारतीय बाजारों पर भरोसा बना हुआ है।

### कनाडाई पेंशन फंड के पास 12.2 अरब डॉलर की संपत्ति

कनाडाई पेंशन फंड बाजार में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। इसके पास मार्च 2025 तक 12.2 अरब डॉलर की संपत्ति थी। कनाडाई पेंशन प्लान के पास भारतीय मुद्रा में शुद्ध संपत्ति का 2% हिस्सा था। यह मार्च 2024 के अंत में 3% से कम हो गया है। नेशनल एसेट्स डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 1.98 लाख करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद से एफपीआी ने रुझानों के अनुरूप निवेश पर मुनाफा कमाया है। निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से पहले ट्रंप ट्रेड में भाग लिया था।

## साइप्रस में बोले पीएम मोदी

# 'भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था'



**नई दिल्ली।** साइप्रस दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। इसके साथ ही उन्होंने भारत में स्टार्टअप, डिजिटल क्रांति, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में हो रहे बदलावों को भी रेखांकित किया। पहली बार साइप्रस के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत ने तेजी से आर्थिक प्रगति की है। उन्होंने बताया कि टैक्स सुधार, जीएसटी, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती और व्यापार करने में आसानी जैसे कदमों ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।

### भारत में स्टार्टअप और डिजिटल क्रांति की बात पर जोर

बता दें कि पीएम मोदी ने ये बात साइप्रस के लिमासोल शहर में आयोजित बिजनेस राउंडटेबल के दौरान कही, जहां उनके साथ साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स भी मौजूद थे। जहां पीएम मोदी ने स्टार्टअप, डिजिटल क्रांति, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में हो रहे बदलावों पर जोर देते हुए कहा कि भारत निवेश के लिए एक शानदार मौका बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया के कुल डिजिटल लेनदेन का 50% सिर्फ यूपीआई के जरिए होता है और अब साइप्रस के साथ भी इसको जोड़ने की बातचीत चल रही है।

### साइप्रस भारत का भरोसेमंद साझेदार

पीएम मोदी ने साइप्रस को भारत का भरोसेमंद साझेदार बताया और पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, शिपिंग, ऊर्जा और नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत के कई उद्योग साइप्रस को यूरोप में प्रवेश का द्वार मानते हैं। उन्होंने ह्यइंडिया-ग्रीस-साइप्रस बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल के गठन का स्वागत किया जो तीन देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा।

### भारत-ईयू फ्री ट्रेड पर भी की बात

इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई कि साल के अंत तक भारत-एव फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति बन सकती है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिजनेस राउंडटेबल में जो सुझाव मिले हैं, वे भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग का मजबूत रोडमैप तैयार करेंगे।

### भारत-साइप्रस के बीच कई अहम समझौते

गौरतलब है कि भारत और साइप्रस के बीच एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंजऔर साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौता हुआ है।

# दो दिन की गिरावट के बाद बाजार में लौटा भरोसा

## सेंसेक्स 677 अंक उछला, निफ्टी 24900 के पार



**नई दिल्ली।** सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 677.55 अंक चढ़कर 81,796.15 पर पहुंचा गया। वहीं निफ्टी 227.90 अंक चढ़कर 24,946.50 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरियाली दिखी। सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 677.55 अंक या 0.84 प्रतिशत चढ़कर 81,796.15 पर पहुंचा गया। वहीं निफ्टी 227.90 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,946.50 पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया संकट से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल



**नई दिल्ली।** इस्त्राइल- ईरान संघर्ष के बीच तेल की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। आईआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार इसका असर भारतीय तेल विपणन और गैस कंपनियों पर पड़ेगा। कंपनियों को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते सकंट से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। इसका असर भारत पर भी देखने को मिल सकता है। खासकर भारतीय तेल विपणन और गैस कंपनियों को वित्तीय दबाव का सामना कर सकती हैं। अपस्ट्रीम कंपनियों को मिलेगा लाभ वर्तमान में कच्चे तेल की कीमतों में जारी अस्थिरता के कारण कंपनियां मिली-जुली स्थिति का सामना कर रही हैं। आईआईसीआई सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल कच्चे तेल की कीमत 73 से 74 डॉलर प्रति बैरल है। इसके बावजूद तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की आय पर प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, अपस्ट्रीम कंपनियों की आय में वृद्धि हो सकती है। अपस्ट्रीम कंपनियां, तेल और गैस उद्योग के शुरूआती हिस्से में काम करती हैं।

### मांग में कमजोरी हावी

रिपोर्ट में कहा गया कि विश्लेषक तेल के बाजारों पर नजर रखे हुए हैं। साथ ही कहा गया कि तेल की कीमतों में यह उछाल वित्त वर्ष 2025 में हुई वृद्धि से अब भी कम है। मौजूदा उछाल पिछले चार साल के औसत से काफी नीचे है। वर्तमान में ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 75 डॉलर प्रति बैरल है। यह विश्लेषकों के वित्त वर्ष 2026 के 68 डॉलर अनुमान से करीब 6-7 डॉलर अधिक है। फिर भी, कच्चे तेल की कीमतें वित्त वर्ष 22-25 के औसत से 9 डॉलर कम और वित्त वर्ष 25 के औसत से 4 डॉलर कम बनी हुई है। मांग में कमी बाजार पर हावी है।

# अदाणी के खिलाफ सेबी की जांच हो रही बाधित'

## कांग्रेस ने सरकार पर लगाया दबाव न बनाने का आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सेबी द्वारा अदाणी समूह की जो जांच की जा रही है, वह टैक्स हैवन देशों द्वारा जानकारी साझा न करने के चलते प्रभावित हो सकती है, लेकिन केंद्र सरकार इन देशों पर दबाव नहीं बना रही। कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि टैक्स हैवन देशों द्वारा जानकारी साझा न किए जाने के चलते सेबी की अदाणी समूह के खिलाफ जांच बाधित हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर टैक्स हैवन देशों पर दबाव न बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस का यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब पीएम मोदी साइप्रस दौरे पर हैं और वहां से कनाडा जाएंगे।

### जयराम रमेश ने लगाए ये आरोप

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'प्रधानमंत्री साइप्रस से कनाडा के लिए निकलेंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

मरीज - मुझे बीमारी है कि खाना खाने के बाद भूख नहीं लगती है, सोने के बाद नींद नहीं आती, काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर - तुमको बहुत बड़ी बीमारी है, एक काम करो, सारी रात धूप में बैठ जाओ जल्दी ही ठीक हो जाओगे।

---

एक शराबी डॉक्टर के पास पहुंचा और बोला- डॉक्टर साहब मैं कई दिनों से बीमार हूं
डॉक्टर बोला - तुम्हारा लिवर फूल गया है
शराबी- इसका मतलब कि अब इसमें और ज्यादा दारू आ सकती है! डॉक्टर चुप और शराबी मस्त

---

घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति- अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी- चिल्ला क्यों रहे हो? आधे घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता है क्या?

## 17 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



सोना महापात्रा
सिंगर



रिचा तोमर



प्रबुद्ध सौरभ



आदिल मलिक



आशु गोयल



अमित शर्मा



प्रवीण कुमार वर्मा



रोहित गुर्जर



संदीप मित्तल



संदीप यादव



आकाश थनवाल



शाहरुख असलम



विक्की



शशि भूषण शर्मा



अशोक दहिया



अभिषेक अवस्थी



संदीप शर्मा



राहुल तोमर



**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# विमेंस वर्ल्डकप का शेड्यूल जारी, 5 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच

## 30 सितंबर से शुरू होगा टूनार्मेंट, इंडिया 12 साल बाद मेजबानी कर रहा






**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार, भारत और पाकिस्तान की टीम 5 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। टूनार्मेंट का आगाज 30 सितंबर 2025 को होगा।

वैसे तो भारत को इस टूनार्मेंट की मेजबानी दी गई है, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के कारण पाकिस्तानी टीम का भारत आना मुश्किल है। ऐसे में यह मैच कोलंबो में कराने का फैसला लिया गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आईसीसी के सामने बीसीसीआई और पीसीबी ने न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने के लिए सहमति जताई थी। भारत 12 साल के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। पिछली बार इंडिया को 2013 में विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली थी।

5 वेन्यूज पर 28 लीग मैच खेले जाएंगे इस टूनार्मेंट में 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा। भारत अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा भारत अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ मैच 26 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं। डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया इंदौर में खेलेगी अपना पहला मैच मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद वह 8 अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा।

2025 के टूनार्मेंट का फॉर्मेट 2022 जैसा ही होगा 2025 के टूनार्मेंट का फॉर्मेट 2022 जैसा ही होगा, जिसमें आठ टीमें राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। मेजबान भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालिफाई किया था। आखिरी दो स्थान पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस साल की शुरूआत में लाहौर में हुए क्वालीफायर में हासिल किए। वेस्टइंडीज इस टूनार्मेंट का हिस्सा नहीं है, वह क्वालीफायर में बांग्लादेश से नेट रन-रेट के आधार पर पिछड़ गए।

### दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन

# डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा



**जर्मनी।** दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूनार्मेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूनार्मेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था।

विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूनार्मेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।

### डुप्लांटिस ने 12वीं बार तोड़ा अपना रिकॉर्ड

स्टॉकहोम। दो बार के ओलंपिक विजेता स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोलवॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने रविवार को अपने घरेलू दर्शकों के बीच स्टॉकहोम डायमंड लीग में 6.28 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए नया विश्व कीर्तिमान बनाया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने इस वर्ष फरवरी में ऑल स्टार पर्शे मीट में बनाए गए अपने ही विश्व रिकॉर्ड 6.27 मीटर को पीछे छोड़ा। उन्होंने 1912 के ओलंपिक स्टेडियम में पहली बार अपने देश में विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

# खेल और सचिन के सहारे दंतेवाड़ा से दूर होगा नक्सलवाद, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनेंगे 50 खेल मैदान



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर ऐसी अनोखी पहले शुरू की है, जिससे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पर लगा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा जल्द बीते दिनों की बात होगी। स्थानीय प्रशासन ने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर मैदान कप की शुरूआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत के मुताबिक इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक 50 मैदान के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।

### मैदान कप के जरिये 50 गांव में विकसित होंगे मैदान

बीते वर्ष राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने बताया कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, 'इसी तर्ज पर हमने सचिन फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं को खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने बताया कि पहले चरण में 50 गांवों में मैदान विकसित किए जाएंगे।'

दुदावत के मुताबिक 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं भी खेल के मैदानों का निर्माण कर सकता था, लेकिन विचार यह था कि युवाओं और बच्चों को आकर्षित करने के लिए समुदाय और तेंदुलकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को इसमें शामिल किया जाए। दुदावत ने कहा, लंबे समय में हम चाहते हैं कि अगले सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा और पीटी उषा बस्तर से आएं।

### इंग्लैंड सीरीज से पहले गिल ने कहा

# मुझ पर गंभीर-अगरकर का दबाव नहीं

### - भविष्य की रणनीति पर भी रखी राय



**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि कप्तान के तौर पर उनके पहले दौरे को लेकर उन पर मुख्य कोच गौतम गंभीर या मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कोई दबाव नहीं है। गिल को रोहित शर्मा की जगह लाल गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया था। गिल इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से भारतीय टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे।

### गिल होने- कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी

दिनेश कार्तिक के साथ विशेष बातचीत में गिल ने कहा कि कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी है और उन्हें गंभीर तथा अगरकर की ओर से पूरी आजादी दी गई है जिससे वह लीडर के तौर पर उभर सकें। भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि उन्हें खुद से उम्मीदें हैं, लेकिन मुख्य कोच या अगरकर की ओर से उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है।

गिल ने कहा, उम्मीदों के बारे में मैंने गंभीर भाई और अजीत भाई से कई बार बात की है। वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक लीडर के तौर पर खुद को अभिव्यक्त कर सकूं। यही उन्होंने मुझसे कहा है कि 'कोई उम्मीद नहीं है'। वे मुझसे ऐसा कुछ करने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं जिसके लिए मैं सक्षम नहीं हूं। उस संदर्भ में, मुझे नहीं लगता कि उनसे कोई उम्मीद या दबाव है, लेकिन एक लीडर और एक खिलाड़ी के तौर पर आपको खुद से कुछ उम्मीदें जरूर होती हैं। इसलिए ये वो उम्मीदें हैं जो मुझे खुद से हैं, लेकिन इन दोनों का कोई दबाव नहीं है।

### टेस्ट कप्तान के तौर पर क्या है गिल का लक्ष्य?

गिल ने कहा कि भारतीय टीम के साथ खिताब जीतने के अलावा वह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं जहां खिलाड़ी काफी सुरक्षित और खुश महसूस करें। उन्होंने कहा, सभी ट्रॉफियों के अलावा, मैं आदर्श रूप से एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहूंगा जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश हो। मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल माहौल हो सकता है, खासकर सभी प्रतियोगिता या जितने मैच हम खेलते हैं और अलग-अलग टीमें आती हैं, लेकिन अगर मैं ऐसा करने में सक्षम हूं, तो यही मेरा लक्ष्य होगा।

## मेजर लीग क्रिकेट 2025: शाहरुख खान की टीम एलए नाइटराइडर्स ने बनाया सीजन का सबसे कम स्कोर



**लॉस एंजलिस।** अमेरिकन टी-20 लीग मेजर लीग क्रिकेट में लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स ने इस सीजन का लोएस्ट स्कोर बनाया। लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स आईपीएल की कोलकाता नाइटराइडर्स की मालिकाना हक रखने बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की टीम है। रविवार को लीग के खेले गए मैच में शाहरुख खान की टीम को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। टॉस जीत कर लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

नूर अहमद रहे प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट टेक्सास सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 181 रन बनाए। टेक्सास सुपरकिंग्स चेन्नई सुपर किंग्स की मालिकाना हक वाली टीम है। 182 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स ने 17.1 ओवर में 124 रन ही बना सकी।

लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स के कप्तान सुनील नरेन हैं। जबकि टेक्सास सुपरकिंग्स के कप्तान फाफ डू प्लेसी हैं। टेक्सास सुपरकिंग्स के जीत के हीरो अफगानिस्तान के नूर अहमद रहे। नूर ने नाइटराइडर्स के सुपरस्टार आंद्रे रसेल और कप्तान सुनील नरेन को एक ही ओवर में पवेलियन भेज दिया। 4 विकेट लेने वाले नूर अहमद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टेक्सास सुपर किंग्स से डेरिल मिचेल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहे टेक्सास सुपरकिंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए 4 विकेट पर 181 रन बनाए। उसकी ओर से डेरिल मिचेल ने 33 गेंदों का सामना कर 36 रन, डेवोन कॉनवे ने 22 गेंदा का सामना कर 34, डोनोवान फरेरा ने 16 गेंदों का सामना कर 32 और शुभ्ज्ञमन रंजने ने 24 रन बनाए।

नाइटराइडर्स की ओर से आंद्रे रसेल-शैडली वैन शाल्कविक ने 1-1 विकेट लिए लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स से आंद्रे रसेल ने 4 ओवर में 53 रन देकर 1 विकेट और शैडली वैन शाल्कविक ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिए।

नाइटराइडर्स ने इस सीजन का बनाया सबसे लोएस्ट स्कोर 182 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नाइटराइडर्स 124 रन पर सिमट गई। यह मेजर लीग क्रिकेट के मौजूदा सीजन में किसी भी टीम का लोएस्ट स्कोर है। लॉस एंजलिस नाइटराइडर्स की बैटिंग टेक्सास के खिलाफ बुरी तरह फेल रही। उसने एक समय 89 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे।

नौवें नंबर पर के बैटर शैडली वान ने 27 रन बनाकर अपनी टीम को किसी तरह 100 के पार पहुंचाया। टीम के लिए एलेक्स हेल्स ने 25, मैथ्यू ट्रम्प ने 23 और उन्मुक्त चंद ने 22 रन बनाए। नाइटराइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल एक रन बनाकर आउट हुए तो कप्तान सुनील नरेन खाता भी नहीं खोल सके। इन दोनों को अफगान मिस्ट्री स्पिनर नूर अहमद ने अपना शिकार बनाया। नूर अहमद ने मैच में सबसे अधिक 4 विकेट झटके।

लॉस एंजलिस की टूनार्मेंट में दूसरी हार यह लॉस एंजलिस की टूनार्मेंट में दूसरी हार है। वह पॉइंट टेबल में पांचवें नंबर पर है। टेक्सास सुपरकिंग्स दो जीत के साथ दूसरे नंबर पर है। टूनार्मेंट में छह टीमें खेलती हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में बुमराह-सिराज और जडेजा रच सकते हैं इतिहास





**नई दिल्ली।** 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज होगा। जिसका पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इस मैदान भारतीय टीम का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। भारत ने आखिरी बार यहां पिछला मुकाबला 2002 में जीता था। वहीं अगर इस मैदान पर भारत बनाम इंग्लैंड के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो यहां दोनों की अब तक कुल सात टेस्ट में भिड़ंत हुई है। जिसमें से इंग्लैंड ने चार मैच जीते हैं तो भारत को सिर्फ ही जीत नसीब हुई हैं जबकि एक टेस्ट ड्रॉ रहा है।

इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम में युवा खिलाड़ी ज्यादा हैं। जिन्हें लीड्स में टेस्ट खेलने का अनुभव नहीं है, जिनमें खुद कप्तान शुभमन गिल भी शामिल हैं। सिर्फ चार भारतीय खिलाड़ी ही इस टीम में ऐसे हैं जो यहां पहले भी खेल चुके हैं। इनमें स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शामिल हैं। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा के पास लीड्स में इतिहास रचने का मौका है। संयोग से ये तीनों ही यहां एक-एक मैच खेले हैं और तीनों ने ही दो-दो विकेट अपने नाम किए हैं। अगर इन तीनों में से जो भी 20 जून से खेले जाने वाले टेस्ट में 6 विकेट लेने में सफल हो जाते हैं तो वह भारत के लिए लीड्स में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बन जाएगा।

### 73 साल का महारिकॉर्ड पर निगाहें

लीड्स में 73 साल पहले भारतीय गेंदबाज गुलाम अहमद ने बनाया था। उन्होंने 1952 में खेले गए एक ही मैच में सात विकेट चटकाए थे। इसके बाद रोजर बिन्नी ने 1996 में सात विकेट अपने नाम कर गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद 2002 में अनिल कुंबले सात विकेट चटकाते हुए भारत को आखिरी बार यहां जिताया। इस तरह रोजर बिन्नी और अनिल कुंबले ने गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी तो की लेकिन उनसे आगे नहीं निकल पाए।

# युवराज सिंह के पिता योगराज ने सेलेक्टर्स पर लगाए गंभीर आरोप, एमएस धोनी को लेकर भी कही ये बात



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह अक्सर अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। एक बार फिर वह चचाओं में हैं। इस बार उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय क्रिकेट टीम में हुए बदलावों को लेकर सेलेक्टर्स पर हमला बोला है। उनका कहना है कि सेलेक्टर्स ने बिना वजह कई खिलाड़ियों का करियर खत्म कर दिया, इनमें युवराज सिंह, गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, वीवीएस लक्ष्मण, राहुल द्रविड़ और मोहम्मद कैफ जैसे नाम शामिल हैं।

दरअसल, योगराज सिंह ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि, आपने इन खिलाड़ियों को यूं ही खत्म कर दिया। आपने 2011 वर्ल्ड कप के बाद पूरी टीम तोड़ दी। सात खिलाड़ियों का करियर कूड़े में डाल दिया गया।

साथ ही योगराज सिंह ने पूर्व सेलेक्टर मोहिंदर अमरनाथ और उनकी समिति को भी जमकर लताड़ा है। उन्होंने दावा किया कि 0-4 से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद एमएस धोनी को कप्तानी से हटाने का फैसला हो चुका था। लेकिन बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ए श्रीनिवासन ने इस फैसले को रोक दिया।

अमरनाथ ने भी पहले स्वीकार किया था कि धोनी को हटाने का फैसला सेलेक्टन कमेटी ने सर्वसम्मति से लिया था लेकिन उसे बीसीसीआई के उच्च स्तर पर रोक दिया गया। अमरनाथ ने काफी साल पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर आप चयनकताओं को स्वतंत्रता नहीं देंगे, तो फिर चयन समिति का क्या मतलब?

बता दें कि, 2011 में भारत को वर्ल्ड कप जिताने वाले कई दिग्गज खिलाड़ी जैसे गंभीर, युवराज, हरभजन और जहीर, 2015 वर्ल्ड कप तक आते-आते पूरी तरह टीम से बाहर हो चुके थे। वहीं राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण ने कुछ समय बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

हालांकि, धोनी कप्तान बने रहे और 2014 के आखिर तक टेस्ट टीम की अगुवाई करते रहे। उन्होंने जनवरी 2017 में सीमित ओवरों की कप्तानी भी विराट कोहली को सौंप दी। योगराज सिंह ने इन तीखे बयानों ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेट में 2011 के बाद हुए बदलावों और अंदरूनी राजनीति को उजागर किया है।

## टीम इंडिया इंट्रा-स्क्वॉड मैच: शार्दूल ठाकुर ने प्रैक्टिस मैच में शतक जड़ा



**नई दिल्ली।** शार्दूल ठाकुर ने बेकनहम में खेले गए इंट्रा-स्क्वॉड मैच में भारत ए की ओर से 68 गेंदों में नाबाद 122 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में अपनी दावेदारी की पेश की।

तीसरे दिन शार्दूल भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रन बनाए थे, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

शार्दूल ने अपना शतक भारत की टेस्ट गेंदबाजी यूनिट जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के खिलाफ बनाया।

तीसरे दिन ही टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा-स्क्वॉड मैच को खत्म कर दिया मैनेजमेंट ने तीसरे दिन के मध्य में ही इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया। यह मैच सोमवार, 16 जून तक चलने वाला था। इउउकने रविवार को कहा कि टीम इंडिया का इंट्रा-स्क्वॉड मैच समाप्त हो गया है। 16 जून को पूरा दिन आराम रहेगा। टीम 17 जून को लीड्स के लिए रवाना होगी।

प्रैक्टिस मैच का सीधा प्रसारण नहीं किया गया और न ही मीडिया को आधिकारिक तौर पर स्कोर उपलब्ध कराए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह टीम का फैसला था कि तीन या चार दिन का मैच खेला जाए। स्कोर पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों ने दो बार बल्लेबाजी की (जैसे भारत ए के लिए वॉशिंगटन सुंदर)।

चीफ सिलेक्टर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख भी मैच के दौरान थे मजबूत इससे पहले, भारत ने 469 रन बनाए थे। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने बेकनहम में सरफराज और शार्दूल के शतकों को देखा।

दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर ठाकुर 10 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर नाबाद थे। प्रैक्टिस मैच में ठाकुर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें साथी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी पर बढ़त दिला दी है।

शार्दूल ठाकुर ने 2023 में खेला था आखिरी टेस्ट शार्दूल ठाकुर, जिन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में खेला था, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी ने सभी पांच टेस्ट खेले और मेलबर्न टेस्ट में शतक भी जड़ा। शार्दूल को महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेने के लिए जाना जाता है और उन्हें गोल्डन आर्म मैन के रूप में देखा जाता है। हेडिंग्ले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में उनका चयन होता है या नहीं, यह देखना बाकी है।

भारत के लिए 11 टेस्ट मैचों में, ठाकुर ने एक पांच विकेट हॉल सहित 31 विकेट लिए हैं, जबकि 18 पारियों में 67 रनों की सर्वोच्च पारी के साथ 331 रन बनाए हैं। रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद ठाकुर को इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया। उनका पिछला टेस्ट दिसंबर 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था।

# महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स को समस्याओं के लिए सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे सोमवार को बड़ी संख्या मे पार्षदों, जागरूक नागरिकों ने राम मनोहर लोहिया पार्क राजेन्द्र नगर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण की माँग को लेकर एक शांतिपूर्ण वार्ता करने के लिए प्रतिनिधिमंडल के रूप में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का रुख किया जिसमे काफी संख्या में महिलाएं और वरिष्ठ लोग भी सम्मिलित हुए ।

प्रतिनिधिमंडल ने अपर सचिव एवं वीसी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अतुल वत्स से भेंट कर उन्हें पार्क में व्याप्त गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से मुख्य बिंदुओं को प्रमुखता से उठाया गया कि पार्क में न तो कोई माली, न सुरक्षा गार्ड न सुपरवाइजर और न ही कोई प्रबंधन अधिकारी तैनात है। सिंचाई और देखभाल के अभाव में पार्क की घास पौधे और पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं। क्यारियों में फूलों की कोई व्यवस्था नहीं है और पूरा पार्क बंजर भूमि में परिवर्तित हो गया है। पार्क की बाउंड्री वॉल कई स्थानों से क्षतिग्रस्त है जिससे सुरक्षा की दृष्टि से खतरा बना हुआ है। लाइट और गार्ड नही होने से असामाजिक तत्वों के जमावड़े और अश्लील गतिविधियों के कारण महिलाएं और परिवार ने पार्क में आना बंद कर चुके हैं। महामंत्री पप्पू पहलवान ने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की माँग की और बोला यह पार्क हजारों स्थानीय नागरिकों के लिए एकमात्र हरित एवं सामुदायिक स्थल है और इसकी उपेक्षा अस्वीकार्य है। यह पार्क हजारों परिवारों के स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक मेलजोल का केंद्र है। इसका संरक्षण और विकास सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है जिस पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी अतुल वत्स ने भरोसा दिलाया है कि समस्याओं का संज्ञान ले लिया गया है और अगले 15 दिन में पार्क की प्रमुख समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा






इस अवसर पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद यशपाल पहलवान, प्रवीण भाटी, संदीप पाल, पार्षद मदन राय, पार्षद कन्हैयालाल, पार्षद गोपाल सिसोदिया, पार्षद धर्मेंद्र नागर, सुनील त्यागी, अनिल कल्याणी, पिंटू तोमर, प्रतीक माथुर, नितिन बंसल, अमित कल्याणी, डी एन कॉल, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, शैलेंद्र सक्सेना, उदयवीर चौधरी, केशव सक्सेना, सोनू शर्मा, अनिल शर्मा, अकील यादव, शिव शर्मा, चेतन शर्मा, आशुतोष शर्मा, निशा चौहान, सीमा सिंह, प्रियंका सोलंकी, अनु चौधरी, सुमन सती, अनीता राणा, मुनेश कसाना आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# लोहा मंडी की सड़कों के निर्माण में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु बुलाई बैठक

## अतुल जैन ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में एक बैठक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारी एवं लोहा मंडी क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य को कर रहे ठेकेदारों और उनके स्टाफ के साथ-साथ व्यापारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई।




बैठक में व्यापारियों ने सड़क निर्माण के कारण विभिन्न तरह की आ रही समस्याओं के बारे में बताया कि जगह-जगह मिट्टी के ढेर लगे हुए छोड़ दिए हैं और कार्य भी काफी धीमी गति से हो रहा है। कई कई दिन तक कार्य रुक जाता है, व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर भी नहीं पहुंच पाते हैं जिससे बड़ी मुश्किल हो रही है। इस पर संबंधित ठेकेदार ने बताया कि शीघ्र ही 30 जून तक उस क्षेत्र की सड़क संख्या एक का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा और किसी भी व्यापारी को कोई भी असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बाकी की सड़क संख्या 5 और 9 का निर्माण कार्य 26 जुलाई तक पूर्ण करने का वायदा किया है। इसी प्रकार सड़क संख्या 10, 11,18 और 19 का निर्माण कार्य 6 जुलाई 2025 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी द्वारा उद्यमियों और व्यापारियों की सुविधा के लिए इस बार मजबूत और काफी समय तक चलने वाली कंक्रीट की सड़कों के निर्माण कार्य को करने की पहल की है। उसके लिए उनका धन्यवाद है। इसके साथ ही अतुल जैन ने व्यापारियों की ओर से सभी ठेकेदारों और मैनेजर सिविल से निवेदन किया कि लोहा मंडी में जो सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इस तरह कार्य करें जिससे किसी को भी परेशानी ना हो,पाइपलाइन और तार इत्यादि ना टूटें।

बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से मैनेजर सिविल ब्रह्म सिंह, मां पूर्णागिरि कंस्ट्रक्शन कंपनी से विक्रम सिंह, विराट कंस्ट्रक्शन कंपनी से विनोद कुमार, मनोज कंस्ट्रक्शन से वकार, गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से अतुल जैन, अंबरीश जैन,सतीश बांसल, राकेश मोहन सिंघल,अनुभव सिंघल,सुशील कुमार गर्ग, संजय बंसल,कपिल जैन, सोहेल सचदेव इत्यादि उपस्थित रहे।

# लोहिया नगरवासियों ने बिजली-सड़क समस्या के लिए विधायक अजीत पाल त्यागी को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगरवासियों ने बिजली-सड़क समस्या के लिए विधायक अजीत पाल त्यागी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि हम आपको अपने क्षेत्र में ए ब्लॉक लोहिया नगर गाजियाबाद की बिजली एवं सड़क की समस्या के बारे में अवगत कराना चाहते हैं। पिछले एक वर्ष से बिजली की वोल्टेज काफी मद्धम और हाई चल रही है। जिसकी वजह से बिजली के घरेलू उपकरण जैसे एसी,कूलर, फ्रिज हाई और मद्धम वोल्टेज की वजह से 2 से 3 बार फुक चुके हैं। इस संबंध में हमने कई बार जे.ई. सर्वेश कुमार से भी शिकायत की है वह फोन नहीं उठाते और बदतमीजी करते हैं और पैसे की डिमांड करते हैं लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं निकला है और कॉलोनी की सड़क भी नहीं बन पाई है ।जिसके कारण आए दिन दुर्घटना घटित होती रहती है अतः आपसे निवेदन है कि इन दोनों मामलों में हस्तक्षेप करके समस्या का हाल करें धन्यवाद फ्हअ लोहिया नगर अ ब्लॉक चेयरमैन विपिन सिंगल आरडब्ल्यूए वाइस चेयरमैन विपन गोयल अध्यक्ष विनोद नैनी,महामंत्री अशोक गर्ग, उपाध्यक्ष विकास होंडा, संयुक्त सचिव अनुराग बंसल, कार्यकारिणी सदस्य चेतन सिंह उपस्थित रहे ।

# कवयित्री प्रेरणा के काव्य संग्रह 'आत्म प्रेरणा' का लोकार्पण हुआ

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कवयित्री प्रेरणा मेहरोत्रा गुप्ता के काव्य संग्रह आत्म प्रेरणा का लोकार्पण कार्यक्रम और इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन शानदार रहे। जानकी सभागार, कवि नगर में अलख (पूजा-रवि) साहित्य एवं संस्कृति को समर्पित मंच ने समारोह का आयोजन किया। मेजर जनरल ए. जे. बी. जेनी, डॉ. अक्षय प्रताप अक्षय, मनोज कुमार मनोज, राज कौशिक, मनोज पुरी, पूजा रवि चौहान, पूजा राणा और स्वाति पूजा ने कवयित्री प्रेरणा मेहरोत्रा गुप्ता की पुस्तक का विमोचन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा राणा की सरस्वती वंदना से हुआ। लोकार्पण समारोह के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय गीतकार मनोज कुमार 'मनोज' ने प्रेरणा के काव्य को एक अद्भुत काव्य बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी में कविता के संस्कार जग रहे हैं। श्रीमती प्रेरणा का काव्य हमें यह आश्वस्त करता है कि संवेदनशीलता के बिना मानवता नहीं है।





कार्यक्रम के इस प्रथम सत्र का संचालन संस्थान की निदेशका श्रीमती पूजा रवीन्द्र चौहान ने किया और प्रथम सत्र की अध्यक्षता योग गुरु और कवि मनोज पुरी ने की। उन्होंने 'आत्म प्रेरणा' काव्य को जीवन का गीत बताया। दूसरे सत्र में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका संचालन शायर राज कौशिक ने किया।

### छात्रा से छेड़छाड़ का मामला, पड़ोसी युवक ने पिता को दी जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 18 वर्षीय छात्रा ने पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। छात्रा का कहना है कि आरोपी युवक कई महीनों से उसे परेशान कर रहा है। वह स्कूल और ट्यूशन जाते समय उसका रास्ता रोकता है। आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर अश्लील बातें करता है। पीड़िता ने बताया कि दोस्ती का प्रस्ताव ठुकराने पर आरोपी ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। जब पिता इस मामले में युवक के घर गए, तो आरोपी और उसके परिजनों ने पिता-पुत्री दोनों के साथ मारपीट की। आरोपी के दोस्त कॉलोनी में पीड़िता की बदनामी कर रहे हैं। इस वजह से छात्रा ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। पुलिस ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रही है और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कॉमर्शियल बिल्डिंग में आग लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

## 2 फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर 3 स्थित एक कमर्शियल बिल्डिंग के टॉप फ्लोर पर सोमवार दोपहर आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग की लपटें और धुआं दूर से दिखाई दे रहा था। धुएं का गुबार आसमान में छा गया। सुरक्षा के लिहाज से पूरी बिल्डिंग को खाली करा लिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया। दमकल विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर विभाग और स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहे हैं।



# सृजन संगठन बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की गाजियाबाद के पदाधिकारियों से मंत्रणा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में सोमवार को संगठन सृजन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गाजियाबाद के जिला कोर्डिनेटर शिवराम वाल्मीकि, महानगर कोर्डिनेटर अजय चौधरी और जिला प्रकोष्ठ कोर्डिनेटर राज कुमार पंडित के साथ जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव आदि शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी कार्यकताओं को संगठन सृजन अभियान के बारे में विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अभियान के तहत बूथ और ब्लॉक स्तर पर पार्टी को मजबूत किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संगठन सृजन गोष्ठियां और कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसके लिए महानगर और जिला स्तर पर कोर्डिनेटर नियुक्त किए गए है। वहीं, कांग्रेस पिछडा वर्ग के जिलाध्यक्ष विजय पाल चौधरी ने कहा कि पिछले दिनों लखनउ में आयोजित महासम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने संगठन और सत्ता में ओबीसी, एससी-एसटी और अल्पसंख्यकों को भागेदारी दिलाने का संकल्प व्यक्त किया।




# घटना के बाद सारे अधिकारी दिखे अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ से पहले एकदम से क्राइम का ग्राफ तेज हुआ है। क्राइम का ग्राफ तेज होने के बाद एक के बाद एक अलग-अलग जोन में लूट की बड़ी घटनाएं हो रही हैं। वैसे नदिया पार वाली घटना का खुलासा हो गया लेकिन शहर में हुई घटना ने फिर पुलिस की तमाम व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। घटना के कुछ देर बाद ही पुलिस कमिश्नरेट के सभी स्तर के अधिकारी अलर्ट वाले मोड पर आ गए थे, खुद इलाके वाले डीसीपी से लेकर एसीपी और एडिशनल सीपी से लेकर पुलिस कमिश्नर तक मौके पर पहुंच गए थे। वहीं क्राइम पर काम करने वाली टीम के प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर भी पहुंचे और तमाम सबूत जुटाने का काम किया गया है। तो वही कमिश्नरेट वाले सिस्टम में इस लूट के बाद कई तरीके की चर्चा और मंथन पर जोर दिया जा रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को ही नदिया पार के एक थानाध्यक्ष टू-स्टार को क्राइम की घटना के बाद हटाया गया है। हालांकि इसके पीछे की कहानी और वजह क्या है अभी साफ नहीं है, पर पुलिस महकमें में चर्चा है कि अपराध नियंत्रण में नाकाम प्रभारी पर लगातार कार्रवाई हो रही है। ऐसा ही नजारा बीते दिनों देहात जोन के दो थाना प्रभारियों के रूप में भी देखने को मिला। उनके हटने की वजह भी अपराध नियंत्रण पर अंकुश ना लगाना बताए जा रहा है। हालांकि पुलिस के तीनों स्तर के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं, पर अभी घटना को लेकर किसी प्रकार का निष्कर्ष या खुलासे के संकेत नहीं मिल रहे हैं। तो इलाके वाले एसीपी कह रहे हैं की टीम के साथ लग गए हैं जल्द ही खुलासा हो जाएगा। उधर बता दें कि इस थानाक्षेत्र की एक बड़ी लूट जो पूर्व सांसद और वर्तमान गवर्नर के आवास के बाहर हुई थी ,उसको खोलने में पड़ोस वालों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसे गाजियाबाद वाली टीम नहीं खोल पाई थी। तो वहीं इसी थानाक्षेत्र की एक लूट अभी भी पेंडिंग बताई जा रही है। अब सवाल उठ रहा है कि जब सुबह 10 से लेकर दोपहर 2 के बीच में पुलिस गाजियाबाद में कहीं पर भी ना तो बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों की जांच होती है और ना संदिग्धों पर नजर रखने का कोई अभियान चल रहा है। तो इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए अब क्या किया जाएगा, यह देखना होगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध एवं कानून व्यवस्था की कमान संभालने वाले साहब ने आने के बाद कुछ दिन तो जमकर फील्ड पर पसीना बहाया था लेकिन बीच में वह थोड़ा बिजी हुए तो बदमाश एक्टिव हो गए। अब देखना होगा सिटी वाले साहब और उनकी टीम यह घटना कितने समय में खोल पाते हैं।



# विधायक संजीव शर्मा से मिलीं क्षेत्रीय वन अधिकारी नीमी कुचिया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विजयनगर में रक्षा सम्पदा की जमीन पर वर्षो से अवैध कब्जा हो रहा था। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस अवैध कब्जे को हटवाकर रक्षा सम्पदा विभाग की 161.51 एकड जमीन को कब्जा मुक्त कराया था। 17 हेक्टयेर जमीन खाली कराई थी। इसके लिए शहर की जनता ने विधायक संजीव शर्मा का आभार भी जताया था क्योंकि जमीन पर असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर रखा था और उससे लाईनपार क्षेत्र ही नहीं पूरे शहर में अपराध बढ रहे थे। विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से कब्जा मुक्त 161.51 एकड जमीन में से 17 हेक्टेयर जमीन पर अब पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा जिससे शहर में प्रदूषण की समस्या भी दूर होगी। पौधरोपण अभियान को लेकर सोमवार को क्षेत्रीय वन अधिकारी गाजियाबाद रेंज नीमी कुचिया विधायक संजीव शर्मा से उनके निवास पर मिलीं और पौधरोपण अभियान को लेकर चर्चा की। वन विभाग जमीन पर 81250 पौधे लगाएगा और यह कार्य जुलाई माह से प्रारंभ हो जाएगा। शीशम, पीपल, नीम, जामुन, पिलखन, सहजन आदि के पौधे लगाए जाएंगे ताकि शहर का पर्यावरण स्वच्छ व शुद्ध रहे। कुछ जमीन पर नगर निगम की ओर से भी पौधे लगाए जाएंगे।



### गर्लफ्रेंड को गोद में बैठाकर एक्सप्रेस-वे पर बाइक दौड़ाई

#### पुलिस ने 53 हजार का चालान काटा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार कपल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कपल चलती बाइक पर रोमांस करता हुआ दिख रहा है। युवक बाइक चला रहा है, और उसकी गर्लफ्रेंड बाइक में सामने की तरफ से उसे गले लगाए बैठी है। एक्सप्रेस वे से गुजरने वाले लोगों ने इस सीन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया। इसके बाद बाइक की पहचान कर 53,500 रुपए का चालान काटा है। एक यूजर ने लिखा- बाइक पर बैठे कपल ने न केवल अश्लीलता की हद पार की। बल्कि ट्रैफिक नियमों की भी खुलकर धज्जियां उड़ाई हैं। और तो और अपने और दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डाला। इस वीडियो पर एक्स यूजर महिमा यादव ने लिखा- रोड पर इश्कबाजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नोएडा पुलिस ने इस इश्कबाज के घर 53,500 का चालान भेजा है। इतने में तो थाइलैंड ट्रिप की वापसी हो जाती।



# भाकियू अराजनीतिक में फूट, गाजियाबाद के राजवीर सिंह के नेतृत्व में बनेगा एक और किसान संगठन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसानों की पंचायत में सोमवार को किसानों के नाम पर रोज बन रहे नए संगठनों पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की लगातार हो रही दुदर्शा के कारण किसान संगठन भी हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि सरकारी की गलत नीतियों के साथ साथ किसानों के नाम पर बन रहे संगठनों की वजह से भी किसानों का लगातार नुकसान हो रहा है क्योंकि कुछ संगठन तो विपक्ष का चेहरा बन कर कार्य कर रहे हैं। कुछ संगठन सरकार के इशारों पर एक परिवार को गाली देने तथा सरकार का गुण गान करने में व्यस्त हैं। मेरठ के इवाया फार्म हाउस में आयोजित किसान सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पंचायत में किसानों ने टोल टैक्स फ्री करने के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। पंचायत में पश्चिम उत्तर प्रदेश के दर्जनों जिलों से हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि चौधरी राजबीर सिंह गाजियाबाद के नेतृत्व में एक नए संगठन का निर्माण किया जाए जिससे किसानों का कुछ भला हो सके। इस संगठन का प्रारूप अन्य संगठनों से अलग होगा। यह संगठन केवल किसान हित की बात करेगा तथा सरकारों की गलत नीतियों का व भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मजबूत जन आंदोलन खड़ा कर अपनी सही बात मनवाने का काम करेगा। राजवीर सिंह ने कहा कि जो किसान या संगठन सहमत हो उनका खुले दिल से स्वागत किया जाएगा। संगठन में ग्राम अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सभी के लिए समान नियम लागू होंगे। पंचायत में विनोद जटोली की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन किया गया जो संगठन का नाम तय कर रजिस्ट्रेशन कराने का कार्य करेगी। पंचायत की अध्यक्षता व संचालन अंकित चौधरी दतियाना तथा विनोद जटोली ने किया।



पंचायत में पहुंचे अंतराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश अध्यक्ष मनु दानतल ने भी हर तरह से नए संगठन का समर्थन करने की घोषणा की। पंचायत में मुख्य रूप से उधम सिंह, अक्षय त्यागी मुजफ्फनगर, सुरेश चौहान हापुड, विभोर शर्मा, दिनेश शर्मा, जीवन सिंह नोएडा, मनोज तेवतिया गाजियाबाद, सुरेंद्र कुमार इटावा, वीरेंद्र सिंह अमरोहा, सुमित सहारनपुर, जगबीर शामली, कौशल क्रांतिकारी, संजीव यादव, रमेश चंद शर्मा, सम्भल, वीरेंद्र सिंह अमरोहा, ओमवीर मुरादाबाद, श्रवण सिंह रामपुर,प्रताप चौधरी बागपत, प्रहलाद सिंह बुलंदशहर व शहरावत खाप के प्रदेश प्रधान चौधरी अर्जुन सहरावत, सोनू खोखर, संजीव चौधरी, शुभम शर्मा, निक्की त्यागी आदि किसानों ने भाग लिया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Adv Mahim Gupta
1h
जय बद्री विशाल
आज बद्री नाथ धाम में भगवान बद्री विशाल के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दोनों गाजियाबाद वाले बद्री नाथ धाम में कुछ विशेष ही मांग रहे हैं। शहर विधायक अपने समर्थकों के साथ भागवत कथा करा कर लौटे। और अब शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष महिमा गुप्ता अपने परिवार सहित बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर है। बद्रीनाथ धाम की महिमा बताते हुए महिम गुप्ता ने फेसबुक पर दर्शन के सौभाग्य की यह पोस्ट साझा की। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# साइप्रस ने पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

## अब तक 21 देश कर चुके सम्मानित, अब मोदी जी7 में हिस्सा लेने कनाडा रवाना








**निकोसिया।** साइप्रस ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III' से नवाजा। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें यह सम्मान दिया। मोदी दो दिन के दौरे पर साइप्रस पहुंचे थे।

मोदी ने कहा, 'मैं साइप्रस सरकार का और साइप्रस के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा का सम्मान है।'

इससे पहले मोदी का प्रेसिडेंशियल पैलेस में स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक हुई। मोदी रविवार को साइप्रस पहुंचे थे। अब पीएम जी-7 समिट में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए हैं।

### राष्ट्रपति निकोस ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ साइप्रस भारत के साथ खड़ा

पीएम मोदी और राष्ट्रपति निकोस ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, 'हमने द्विपक्षीय संबंधों, भारत-यूरोपीय संघ के रिश्तों और क्टएएउ कॉरिडोर पर भी बात की। साइप्रस-तुर्किये मुद्दे और साइप्रस के पुनःएकीकरण भी चर्चा में शामिल रहा। साइप्रस किसी भी तरह के आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है।

पीएम मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की मजबूत नींव है। भारत और साइप्रस के बीच रिश्ते न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही ये सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।'

### साइप्रस में मोदी-निकोस की मीटिंग, 4 बातें

भारत-साइप्रस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले एक दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और बहुत निकट भविष्य में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

साइप्रस लंबे समय से हमारा भरोसेमंद साझेदार रहा है और यहां से भारत में काफी निवेश हुआ है। कई भारतीय कंपनियां भी साइप्रस आई हैं और एक तरह से साइप्रस को यूरोप के प्रवेश द्वार के रूप में देखा है। आज आपसी व्यापार 150 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

ऐसा 6 दशक बाद हुआ है कि भारत में लगातार तीसरी बार एक ही सरकार चुनी गई है। पिछले 10 सालों में डिजिटल क्रांति आई है। दुनिया में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई की चर्चा है। साइप्रस को इसमें शामिल करने के लिए बातचीत चल रही है और मैं इसका स्वागत करता हूं।

हम भारत में भविष्य के बुनियादी ढांचे के विकास में सालाना 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर रहे हैं। इनोवेशन भारत की आर्थिक ताकत का एक मजबूत स्तंभ बन गया है। हमारे 1 लाख से ज्यादा स्टार्टअप सिर्फ सपने नहीं, समाधान बेचते हैं।'

# अमेरिका में नो किंग्स रैलीगोलीबारी में 1 की मौत

## मिलिट्री परेड के दौरान ट्रम्प का विरोध कर रहे थे, 2 हजार शहरों में हुआ प्रदर्शन





**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में नो किंग्स नाम के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की कोशिश कर रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। इससे राइफल लेकर खड़ा व्यक्ति और एक राहगीर दोनों घायल हो गए। बाद में अस्पताल में राहगीर की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले 24 साल के युवक का नाम आटुरी गैंबोआ है। उसे शनिवार शाम हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली लगने से घायल हुए राहगीर की पहचान 39 साल आर्थर फोलासा आह लू के रूप में हुई, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना की जानकारी दी। दरअसल, वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस बीच, ट्रम्प के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स (यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है) विरोध प्रदर्शन हुए।

वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हुआ। इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल हुए। इसके अलावा ड्रोन, रोबोटिक डॉग भी शामिल हुए।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया। परेड का समापन आतिशबाजी और ट्रम्प के भाषण के साथ हुआ। इस आयोजन में करीब 25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं। परेड कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर हुई, जिसमें सैनिकों ने ऐतिहासिक वर्दी में मार्च किया और विश्व युद्धों से लेकर आधुनिक युद्ध तक के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प, और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विशेष मंच से परेड देखी।

इस दिन ट्रम्प का 79 जन्मदिन भी था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ट्रम्प को जन्मदिन की बधाई दी और अपनी शादी की सालगिरह का जिक्र किया।

### अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन

पूरे अमेरिका में 14 जून को नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन में लोगों ने ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध किया। इस आंदोलन का नाम ₹50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट₹ से प्रेरित था, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन।

इस समूह का कहना है- अमेरिका सिर्फ ट्रम्प का नहीं, बल्कि सभी अमेरिकियों का है।

इस प्रदर्शन में करीब 2,000 शहरों और कस्बों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए, जिनमें लोगों ने झंडे लहराए, भाषण दिए और नारे लगाए गए। फिलाडेल्फिया में सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालांकि वाशिंगटन में कोई बड़ा विरोध नहीं हुआ।

## न्यूज डायरी

### तुर्किये में हॉट एयर बैलून दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत, 19 पर्यटक घायल

**तुर्किये।** मध्य तुर्किये में रविवार को दो हॉट एयर बैलून दुर्घटनाएं हुईं। एक हादसे में हॉट एयर बैलून के पायलट की मौत हो गई और 19 इंडोनेशियाई पर्यटक घायल हो गए। एक अन्य हादसे में 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए। सरकारी अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इल्हारा घाटी के उसी स्थान से उड़ान भरने वाले एक अन्य हॉट एयर बैलून ने भी रविवार सुबह आपात लैंडिंग की। इसमें 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। गवर्नर के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, दोनों बैलून हवा में अचनाक बदलाव के कारण प्रभावित हुए थे। अक्सराय के गवर्नर मेहमत अली कुम्बुजोग्लू ने बताया कि पहली घटना में गुब्बारा अक्सराय प्रांत के गोज्लुकुयू गांव के पास तेजी से उतरने का प्रयास कर रहा था। तभी पायलट गुब्बारे की टोकरी से बाहर गिर गया और उसके पैर रस्सी में उलझ गए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश हमारा पायलट टोकरी के नीचे फंस गया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायल पर्यटकों को अस्पताल ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई तीव्रता; जानमाल के नुकसान की खबर नहीं

**इस्लामाबाद।** नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सिस्मोलॉजी सेंटर ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। भूकंप के झटकों से फिलहाल जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता जताई। उन्होंने इस्राइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इस्राइल के हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर व अंतराष्ट्रीय कानून का पूर्ण उल्लंघन है। शरीफ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की। इस्राइल के अकारण हमले के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की।

### ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई6 की चीफ बनीं ब्लेस मेट्रेवेली

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई6 के प्रमुख के पद पर ब्लेस मेट्रेवेली की नियुक्ति हुई है। इस पद पर पहुंचने वाली ब्लेस पहली महिला अधिकारी हैं। 47 वर्षीय मेट्रेवेली, इससे पहले एमआई6 की तकनीकी शाखा की प्रमुख थीं, उन्हें कोड नेम क्यू से भी जाना जाता है। मेट्रेवेली ने साल 1999 में एमआई6 में काम शुरू किया था और अपने करियर के अधिकतर समय वे ऑपरेशनल भूमिकाओं में पश्चिम एशिया और यूरोप में तैनात रही हैं। एमआई6 के मौजूदा प्रमुख रिचर्ड मूर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। मेट्रेवेली की सबसे बड़ी चुनौती रूस, चीन और ईरान से निपटने की होगी।

### मिनेसोटा में गोलीबारी का आरोपी पकड़ा गया

**मिनेसोटा।** मिनेसोटा में हाल ही में दो राज्य विधायकों पर गोली चलाने वाला आरोपी पकड़ा गया है। आरोपी वेंस बोएलटर को रविवार शाम को गिरफ्तार किया गया। हालांकि जांच एजेंसियों ने गिरफ्तारी को लेकर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। बोएलटर पर मिनेसोटा की पूर्व डेमोक्रेटिक स्पीकर मेलिसा होर्टमैन और उनके पति मार्क पर शनिवार को गोली मारने का आरोप है। इस हमले में दोनों की मौत हो गई थी। इसके बाद बोएलटर ने स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी पर भी गोली चलाई थी। दोनों घायल हैं। पुलिस ने आरोपी को मिनेसोटा में अपने घर से कुछ मील दूर ही पकड़ा। पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार डॉलर का इनाम घोषित किया था।

### बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने धमाके से उड़ाया रेलवे ट्रैक

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने धमाके से रेलवे ट्रैक उड़ा दिया, जिससे रेलवे का सबसे अहम रेल लिंक बाधित हो गया है। बम धमाके में एक रेलवे कर्मचारी घायल हुआ है। धमाका बलूचिस्तान के अब ए गम इलाके में हुआ। जिस रेलवे लाइन को तबाह किया गया, वह दक्षिणी पाकिस्तान को सेंट्रल पाकिस्तान से जोड़ती है। धमाके के बाद विद्रोहियों की तलाश में पाकिस्तान के सुरक्षाबलों द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है।

### नाइजीरिया के बेन्यू में 100 लोगों की गोली मारकर हत्या

**नाइजीरिया।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया के मध्य बेन्यू प्रांत के एक गांव में बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 100 लोग मारे गए। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह हमला शुक्रवार देर रात येलेवाटा गांव में हुआ। अंतरराष्ट्रीय संगठन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कई लोग अभी भी लापता हैं... दर्जनों लोग घायल हैं और उन्हें पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाई है। कई परिवारों को उनके बेडरूम में बंद करके जला दिया गया। बेन्यू नाइजीरिया के मध्य क्षेत्र में है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां बहुसंख्यक मुस्लिम उत्तर और बड़े पैमाने पर ईसाई दक्षिण में मिलते हैं। इस क्षेत्र में भूमि उपयोग को लेकर संघर्ष है। मुख्य तौर पर चरवाहों के बीच मवेशियों के लिए चरागाह की भूमि को लेकर संघर्ष है।

### ट्रम्प का दावा- ईरान और इजराइल का समझौता होगा

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान ने पिछले 3 दिनों से जारी संघर्ष के बीच रविवार शाम को फिर से इजराइल की ओर कई मिसाइलें दागीं। जवाब में इजराइल ने भी तेहरान में हवाई हमले किए। वहां कई बार धमाकों की आवाज सुनाई दी। आसमान में धुएं का गुबार दिखा। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर दावा किया कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौता होगा। साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने में फिर से अपनी भूमिका का जिक्र किया। ट्रम्प ने लिखा, 'इजराइल और ईरान को डील करनी चाहिए, और डील होगी, जैसी मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच करवाई थी। मैंने सर्बिया और कोसोवो, मिस्र और इथियोपिया सहित कई देशों के बीच टकराव रोका। मैं बहुत कुछ करता हूं, लेकिन क्रेडिट नहीं मिलता। हालांकि, ठीक है, लोग समझते हैं।' इजराइल और ईरान के बीच शुक्रवार रात से टकराव शुरू हुआ था। इजराइली हमले से ईरान में अब तक 138 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं। इजराइल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत कई ठिकानों पर हमले किए हैं।

# इस्राइली हमलों से ईरान में 224 की मौत

## विदेश मंत्रालय समेत कई सरकारी इमारतों को बनाया निशाना



**ईरान।** इस्राइल और ईरान के बीच जारी लड़ाई और भीषण होती जा रही है। दोनों देशों ने एक दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। इस्राइल द्वारा ईरान के विदेश मंत्रालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले इस्राइल ने ईरान के तेल रिफाइनरी, गैस ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 224 हो गया है। ईरान में 1277 लोग घायल भी हैं। वहीं ईरान ने भी इस्राइल पर ताबड़तोड़ हमले किए और शुक्रवार से अब तक 270 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इनमें से 22 के करीब मिसाइलें आयरन डोम से बचकर इस्राइल के रिहायशी इलाकों में गिरी हैं, जिससे इस्राइल में भी कई इमारतों को भारी नुकसान हुआ है। इस्राइल में भी 14 लोगों की मौत की खबर है और 390 लोग घायल हैं।

### ईरान के सर्वोच्च नेता पर हमले को ट्रंप ने किया खारिज

इस्राइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे खारिज कर दिया। इससे साफ है कि ईरान और इस्राइल की लड़ाई लंबी खिंच सकती है। इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार किया। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर रविवार को ओमान में बात होनी थी, लेकिन इस्राइल के हमले के बाद ईरान ने यह बातचीत टाल दी।

ईरान और इस्राइल के बीच छिड़ा संघर्ष लंबे युद्ध में तब्दील होता नजर आ रहा है। ईरान ने भी इसकी तैयारी कर ली है और अपने मेट्रो स्टेशन और मस्जिदों को बम शेल्टर बना दिया है। इस्राइल द्वारा ईरान के सैन्य और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाने के साथ ही मिसाइल लॉन्च ठिकानों और एयर डिफेंस के उपकरण बनाने वाली कंपनियों को भी निशाना बनाया। इस्राइल का दावा है कि उसके हमलों में ईरान के कई शीर्ष सैन्य जनरलों के साथ ही रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के खुफिया विभाग के प्रमुख जनरल मोहम्मद काजमी को भी ढेर कर दिया है। इस्राइल ने ईरान के विदेश मंत्रालय, सैन्य मुख्यालय के साथ ही रविवार को शाहरान तेल डिपो पर भी हमला किया। तेल और गैस के ठिकानों पर हमले से अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में तेजी की आशंका जताई जा रही है।

### मरने वालों का आंकड़ा कहीं ज्यादा

वॉशिंगटन के एक मानवाधिकार संगठन का दावा है कि ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 400 के पार पहुंच गया है और 654 लोग घायल हैं। ईरान के गैस स्टेशनों पर वाहनों की लंबी कतारे हैं। हालांकि ईरानी सरकार ने तेल की कमी न होने का दावा किया है। राजधानी तेहरान की कई सड़कों को बंद कर दिया गया है। इस्राइल में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। हमले के चलते इस्राइल के लोग बंकरों में शरण लिए हुए हैं। रविवार को ईरानी हमले में इस्राइल में छह लोगों की जान गई, जिनमें 10 और 9 साल के दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इस्राइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी को भी निशाना बनाया गया।

# तनाव के बीच भारतीय नागरिकों की वापसी की बढ़ीं उम्मीदें, ईरान ने भारत को दिया मदद का भरोसा



**तेहरान।** इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने ईरान में फंसे अपने नागरिकों और छात्रों की सुरक्षित निकासी के लिए ईरान से मदद मांगी थी। इसके बाद सोमवार को ईरान ने भी सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि भले ही हवाई क्षेत्र बंद है, लेकिन सभी जमीनी सीमाएं खुली हैं, जिससे भारतीय नागरिक सुरक्षित निकल सकते हैं।

मामले में ईरान के विदेश मंत्रालय ने भारत के राजनयिक मिशन को सहायता देने की बात पर जोर दिया। साथ ही कहा कि भारतीय नागरिकों और राजनयिकों की सुरक्षित निकासी के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए ईरान ने बयान जारी कर भारत से निकासी करने वालों के नाम, पासपोर्ट नंबर, वाहन की जानकारी, यात्रा का समय और सीमा बिंदु जैसी जानकारी साझा करने को कहा है।

ईरान में फंसे हैं 1,500 से ज्यादा भारतीय छात्र मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान के अलग-अलग शहरों में हजारों भारतीय फंसे हुए हैं, जिनमें से 1,500 से ज्यादा छात्र जम्मू-कश्मीर से हैं। इसको लेकर भारत सरकार ने कहा है कि कुछ छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है, और अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। भारतीय दूतावास ने साझा किया गूगल फॉर्म भारत की तेहरान स्थित दूतावास लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# हृयूस्टन में कश्मीरी हिंदुओं ने माता खीर भवानी की पूजा-अर्चना की मातृभूमि की याद पर



**ह्यूस्टन।** अमेरिकी प्रांत टेक्सास में रह रहे कश्मीरी हिंदू परिवार ज्येष्ठ अष्टमी और खीर भवानी पर्व मनाने के लिए ह्यूस्टन के हिंदू वर्शिप सोसाइटी मंदिर में एकत्रित हुए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां रागन्या देवी की पूजा-अर्चना की। कश्मीरी हिंदुओं ने कहा, ये रीति-रिवाज हमें मातृभूमि की याद दिलाते हैं, जिसे हम हिंसा व भय के कारण छोड़ आए हैं।

150 से अधिक श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया। पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में खीर, दूध, फूल चढ़ाए तथा दीपक जलाए। देवी खीर भवानी, माता दुर्गा का एक ही एक रूप हैं। इन्हें कश्मीरी पंडित कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। 35 वर्ष से अधिक समय से ह्यूस्टन में रह रहे सुरेंद्र कौल ने नई पीढ़ी को इस पर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ये रिवाज हमारी आत्मा से जुड़ा है। ये रीति-रिवाज हमें मातृभूमि कश्मीर की याद दिलाते हैं, जिसे हम हिंसा व भय के कारण छोड़ आए हैं।

### घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द, जिसे हर दिन सहते हैं

टेक्सास कश्मीरी बिरादरी के अध्यक्ष अमित रैना ने कहा, यह अष्टमी सिर्फ परंपरा नहीं है, बल्कि यह हमारी आस्था है। अपने त्योहारों के माध्यम से हम कश्मीर की संस्कृति को जीवित रखते हैं और अपने बच्चों को बताते हैं कि वे कौन हैं। घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द है, जिसे हम हर दिन सहते हैं। आयोजन में बच्चों ने गजन गाए व अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया जो परंपरा के साथ उनके एक मजबूत संबंध को दशार्ता है।

एक किशोर ने कहा, मैं कभी कश्मीर नहीं गया, लेकिन ऐसा लगता है कि मेरा एक हिस्सा वहां है। इस कार्यक्रम में अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक प्रकट करने के लिए कुछ समय के लिए मौन रखा गया।

### पहलगाम आतंकी हमले ने ताजा किया 1990 का दर्द

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह उत्सव भावनात्मक रूप से और भी महत्वपूर्ण हो गया था। पहलगाम में हमलावरों ने धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस त्रासदी ने 1990 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं पर हुए अत्याचार व विस्थापन के दर्द के पुराने घावों को ताजा कर दिया।

# यह युद्ध का युग नहीं, पश्चिम एशिया और यूरोप में जारी संघर्ष पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइप्रस के निकोसिया स्थित राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक स्वागत किया गया। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत की। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए साइप्रस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू की गई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह दो दशकों से अधिक के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है।

वहीं, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों और तालमेल को बढ़ाने पर चर्चा की। हम रक्षा सहयोग, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करना चाहते हैं। हम साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए ताकि हम ठोस परिणाम दे सकें।

### निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने साइप्रस के निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने साइप्रस की ओर से ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस क्क्क से सम्मानित किए जाने के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे दिया गया यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि मेरे देश का सम्मान है। यह साइप्रस और भारत के बीच अटूट दोस्ती की मुहर है।

## तुम मुझको ना चाहो तो कोई बात नहीं, तुम किसी और को चाहोगी तो मुश्किल होगी

# गंगाजल मंगा लो, टिकट नहीं मांगूंगा : मयंक गोयल

आज हम ऐसी शख्सियत के साथ रूबरू हो रहे हैं, जिनका राजनीति में, शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम हासिल किया है। इनको प्रखर वक्ता भी कहा जाता है। जिनके बारे में जब भी चर्चा होती है जो हर क्षेत्र में पारंगत रखता है। ये है भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल। समाचार संपादक दीपक भाटी के साथ आमना सामना इंटरव्यू में मयंक गोयल ने राजनीति समेत हर विषय पर बेबाकी से अपनी बातें रखीं। पेश है आमना सामना का पूरा इंटरव्यू –

**दीपक भाटी–** सबसे पहले आपको गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने पर बहुत बहुत बधाई।
**मयंक गोयल–** बहुत–बहुत धन्यवाद, आपकी शुभकामनाएं तो हमेशा मेरे साथ रहती है।

**दीपक भाटी–** आपके लिए राजनीति क्या है?
**मयंक गोयल–**राजनीति मेरे लिए मिशन है। राजनीति मेरे लिए इस प्रकार है, जैसे पं. दीनदयाल जी ने कहा था कि किसी गरीब की, किसी अभावग्रस्त की जिंदगी में आप आंसू पोछ सको, उसके जीवन में बदलाव ला सको तो इससे ज्यादा सुकून का पल हो नहीं सकता है। उन्होंने एक नाम दिया अन्त्योदय, जो जीवन की भाग दौड में जो पीछे छूट गए यदि हम उनके लिए कुछ जरा सा सेवा का माध्यम बन सके तो मेरे लिए राजनीति इतनी सी ही है।

**दीपक भाटी–** बताया जाता है कि आपके घर से राजनीति शुरू होती है। आपका घर राजनीति की पाठशाला है। आपके पिता महेशजी हो, आपकी माताजी स्वर्गीय दमयंती गोयल गाजियाबाद की मेयर रही। इतना कुछ आपको परिवार से राजनीति में मिला तो ऐसा घमंड नहीं आया कि मैं तो परिवार से ही राजनीति लेकर चल रहा हूं। मेरे को और ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। मैं तो अपना मुकाम हासिल कर ही लूंगा?
**मयंक गोयल–** मालूम नहीं कि मेरे बारे में आप क्या सोचते है। मेरे दादाजी ने संघ में काम किया। परमात्मा की उन पर कृपा रही। वही लीगेसी मेरे पिता जी श्री महेशजी ने निभाई। मेरे मामाजी संघ में प्रचारक रहे। मेरी माताजी की हमेशा समाज के लिए काम करने की आकांक्षाए रही। बहुत समय से वे घर में अभावग्रस्त बेटियों के लिए विद्यालय चलाती थी। वह विद्यालय काफी अच्छा चल रहा था। शुरू से ही संघ सेविका के तौर पर काम करती थी। बाद में मेयर हो गई। मगर सच बात तो यह है कि जो काम करने की श्रृंखला है तो एक एक नायाब हीरा आपको मिलेगा, पं. दीनदयाल जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, अटल जी, आडवाणी जी, कल्याण सिंह जी, राजनाथ सिंह जी, नितीन गडकरी जी और इस परंपरा को आप नीचे तक लाएंगे तो गाजियाबाद में ऐसे सैंकडों कार्यकर्ता मिलेंगे, जिन्होंने अपने जीवन का सर्वस्व संगठन के लिए, विचार के लिए, परिवार के लिए लगा दिया है, तो ऐसे नेताओं से सीखकर ही आगे बढना है।

**दीपक भाटी–** आपने बात की लाल बत्ती की, उस तो आपने माताजी से संकल्प लिया था, अब परिस्थितियां बदल गई है। माताजी ईश्वर के रूप में कही ना कही है। आज आप भाजपा के महानगर अध्यक्ष हो, यह तो एक पडाव है। अभी भी आपने लाल बत्ती की गाडी में बैठने का संकल्प लिया या नहीं?
**मयंक गोयल–** आपको मैं एक अच्छी बात बताता हूं, आपको बहुत आनंद आएगा। मोदीजी हमारे प्रधानमंत्री जी से किसी ने पूछा कि आज से सौ दो सौ साल बाद आपको लोग किस तरह से याद करेंगे, तो मोदी जी ने प्रतिप्रश्न पूछा कि आप ये बताइए कि वेदों के रचियिता कौन है? हजारों लोगों में कोई नहीं बता पाया कि वेदों को रचयिता कौन है। तो प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि यदि वेद, जिसने दिशा देने का काम किया, वैसे वेदों के रचयिता का नाम नहीं बता पाए तो मोदी तो एक मामूली चीज है। तो मोदी का नाम सौ साल बाद लोग क्यों याद करें। प्रधानमंत्री बनते ही मोदीजी ने पहला काम किया कि लाल बत्ती खतम, वीआईपी कल्चर खत्म। मिलेगी ही नहीं, आप कल्पना करते रहिए।

**दीपक भाटी–** चलिए यह भौतिक रूप से मान लेते है कि लाल बत्ती का प्रचलन खत्म हो गया है लेकिन एक फिलिंग तो रहती ही है कि जनप्रतिनिधि बनने की। ऐसा नहीं है कि मयंक गोयल कोई नया चेहरा है। लोकसभा चुनाव की बात हो या विधानसभा चुनाव की, हमेशा टॉप पर जो पैनेल बनता है, उसमें आपका नाम होता है। ऐसा क्या हो जाता है कि टॉप पर और पैनेल पर नाम होने के बाद भी मयंक गोयल का नाम ओझल हो जाता है?
**मयंक गोयल–** 2012 से अभीतक आदरणीय अतुल गर्ग को टिकट मिला। उसमें कश्मकश थी, उन्होंने खुद कहा कि मयंक या अतुल। और जब टिकट हो गया तो उन्होंने कहा कि मेरे मन में कल्पना थी कि मयंक के यहां जाउंगा, वो कितना रूष्ट होगा, कितना क्रोधित होगा क्योंकि पांच साल उन्होंने बहुत मेहनत की। और उस समय हम केंद्र में नहीं थे। न केंद्र में, न राज्य में। नहीं मौका मिला। उसके बाद भी मैंने कार्यकताओं को इकठठा किया, बढिया शॉल मंगाया, बढिया बुके मंगाया, और सीधे उनके घर गया, अतुल गर्ग जिंदाबाद के नारे लगाए। फिर घंटाघर पर मेरा भाषण हुआ था, उसमें मैंने कहा था कि हम सब एक है। हमारे लिए पार्टी सबकुछ है। एबीसीडी कोई भी जनप्रतिनिधि बने, वे हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। ऐसा मैंने करके दिखाया।

**दीपक भाटी–** बहुत बढिया, आपने कुछ शायराना अंदाज से कहा है। अब इस शायरी को कौन किस अंदाज से लेता है, यह सामने वाले पर निर्भर है। अतुल जी सांसद बन गए। उनके अति प्रिय संजीव शर्मा विधायक बन गए।
**मयंक गोयल–** हमारे भी वे अति प्रिय है। मेरा मित्र पुराना है। साथ महामंत्री रहे।

**दीपक भाटी–** आपके अब कंपटीटर है?
**मयंक गोयल–** यह कोई विषय नहीं है। राजनीति में कोई किसी का कंपटीटर नहीं होता है। राजनीति में सब अपना अपना काम करते हैं। प्रभु जिसके लिए तिलक करते थे, उसको सिंहासन करते थे।

**दीपक भाटी–** आप हमारे मेहमान है, आपकी बातें माननी ही पडेगी। संजीव विधायक बन गए तो महानगर अध्यक्ष का पद खाली हो गया तो फिर सवाल उठा कि अतुल जी के मन में आपके लिए तार बजेगी कि चलो मयंक गोयल के लिए अध्यक्ष के लिए बोल दे।
**मयंक गोयल–** यह प्रश्न फिर से मेरे लिए नहीं बनता है। यह तो वहीं बता सकते हैं। पर मुझे इमानदारी से लगता है कि उनका आशीर्वाद मुझे मिला है। वे हमारे सांसद है। लाखों वोटों से जीते हैं। इससे पहले वे हमारे विधायक रहे हैं। माननीय मंत्री भी रहे। इतना बडा स्तर होने के बाद भी मुझे लगता है कि उनका, आदरणीय मंत्री सुनील शर्मा का, मेयर साहिबा का सर्वसम्मति से आशीर्वाद था, वो नहीं होता तो मेरे को यह महत्वपूर्ण पद कैसे मिलता।

**दीपक भाटी–** आप जब महानगर अध्यक्ष बनकर आए तो कार्यक्रम में मैं भी मौजूद था। आप एक बेहतरीन वक्ता है। आप सभी का आभार व्यक्त कर रहे थे लेकिन आपने एक विधायक का सबसे ज्यादा आभार व्यक्त किया, तभी से चर्चा शुरू हो गई थी कि तीन विधायकों का सबसे ज्यादा भूमिका रही। चुप रहिए तो दुआ समझो और कह दिया तो हुआ समझो।
**मयंक गोयल–** अजीत जी की पर्सनालिटी की एक खासियत होती है, नेताओं को गोल–गोल घुमाने की आदत होती है। अजीतपाल जी के बारे में क्लैरिटी है। वे बिल्कुल साफ है। कहावत है कि किसी ने कहा कि भइया साइकिल दे दो, तो वे बोले, साइकिल तो नहीं है और होती तो भी नहीं देता। वे अगर खिलाफत करते हैं तो जमकर करते हैं। यह कारण है कि मैंने कहा था कि चुप रहो तो दुआ समझो, कह दिया तो हुआ समझो।

**दीपक भाटी–** तो हो गया?
**मयंक गोयल–** यह तो मुझे मालूम नहीं लेकिन सभी ने कहा था। उन्होंने मजबूती से कहा और मैं उनका आभारी हूं।

**दीपक भाटी–** आपने अभी कुछ अजीत पाल के सम्मान कहा। मंत्री सुनील शर्मा के बारे में कहा लेकिन सदर विधायक संजीव शर्मा के बारे में कुछ नहीं कहा?
**मयंक गोयल–** मैंने कहा कि वो मेरे बहुत प्रिय है। संजीव शर्मा ने राजनीति में बहुत कुछ प्राप्त किया है। यह दूसरों के लिए सीखने वाली बात है। उन्होंने कहा महामंत्री का दायित्व संभाला, इसके बाद वे जनरल वी के सिंह के प्रतिनिधित्व रहे। वे तमाम और लोगों के निकट रहे। महानगर अध्यक्ष बने। सदर सीट से विधायक है। मेरी उनके अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं है।

**दीपक भाटी–** यह तो अच्छी बात है। आप सबके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। अभी आपने जनरल साहब का नाम लिया। संजीव शर्मा तो उनके प्रतिनिधि रहे लेकिन आपतो साहब के दिल के बहुत करीब रहे। हमने जब भी देखा कि सांसद रहते हुए वे जब भी गाजियाबाद में होते थे तो उनके साथ मयंक गोयल न हो, ऐसा बहुत ही कम देखा गया। उनसे आपकी मोहब्बत कइयों के दिल में कांटा बनकर चुभती थी। अचानक पिछले कुछ समय से साहब के साथ नाराजगी चल रही है। साहब आते हैं तो मयंक भाई नजर नहीं आते हैं। ऐसा क्यों?
**मयंक गोयल–** देखिए, जनरल साहब ने देश के लिए काम किया है। मेरी जो भी श्रद्धा है वो राजनेता वीके सिंह के प्रति नहीं है, वो जनरल वी के सिंह के प्रति है। जो जैसी थी, वैसी है और वैसी ही रहेगी। क्योंकि एक सैनिक का सम्मान तो होना ही चाहिए। एक सैनिक से ज्यादा देशभक्ति का काम कोई और नहीं कर सकता है। हम सैनिक नहीं बन पाए परंतु सैनिकों के प्रति श्रद्धा तो रख सकते हैं। जनरल साहब ने देश का मानवर्द्धन किया है। मैंने जीवन में जनरल साहब से कोई राजनीतिक बातें नहीं की। कभी उनसे राजनीति में कुछ मांगा नहीं। इसे खुद्दारी कहिए या कुछ मैं राजनीति में मोल भाव नहीं करता। जब मृणालिनी जी ने मुझे एक बार राखी बांध दी तो जब तक जिउंगा तो मेरी बहन रहेगी और जनरल साहब पिता तुल्य रहेंगे।

**दीपक भाटी–** नजर नहीं आ रहे हैं साहब के कार्यक्रमों में
**मयंक गोयल–** मिजोरम का राज्यपाल बनने के बाद जनरल साहब का गाजियाबाद में आना कम हो गया है। अभी 31 तारीख को आए थे बाइ चांस मेरे कार्यक्रम लगे हुए थे। मेरी फोन पर चर्चा भी हुई। मेरा जाना नहीं होपाया। लेकिन वो आगे आएंगे तो सभी रहना चाहते हैं। मैं भी रहना चाहता हूं।

**दीपक भाटी–** मौजूदा विधायक संजीव शर्मा का जब महानगर अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल पूरा हुआ तो एक बार लगा कि संजीव शर्मा ने बहुत बडी लाइन खींच दी और उनकी लाइन को पार करना नए अध्यक्ष के लिए चुनौती होगी लेकिन देखने में आ रहा है कि जब से आप अध्यक्ष बने है, तभी से आप अपनी अलग लाइन खींच रहे हैं। पार्टी के जितने आयाम और कार्यक्रम आ रहे हैं, वो काफी सफल हो रहे हैं और भीड आ रही है। ये सबकुछ कंपटीशन को देख के कर रहे है या इसके पीछे कोई और उददेश्य है?
**मयंक गोयल–** आप लगातार लिख रहे है कि मयंक किसी लाइन में नहीं है, किसी कंपटीशन में नहीं हैं। लेकिन मुझे लगता है कि संगठन में जो भी व्यक्ति काम करता है, ताकत उसकी संगठन में हैं। जो भी क्षमता है वो संगठन का है। प्राण तत्व संगठन है। संगठन में जब तक ऑक्सीजन है, हम सांस ले रहे हैं। संजीव शर्मा हो या मयंक गोयल हो या फिर कोई और, संगठन अच्छा ही चलेगा। रही भीड आने की बात तो प्रभु की मेरे उपर विशेष कृपा है। यदि मैं किसी के पास जाता हूं तो वो मेरे कार्यक्रम में भी आएगा। मोदीजी के 11 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कैबिनट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मयंक के साथ काम पूरा किए बिना कहां विश्राम। श्रद्धा के साथ फोन करते है तो वे अवश्य आएंगे। बुलाने से निवेदन करने से फर्क पडता है।

**दीपक भाटी–** ये सब कैसे करते हैं?
**मयंक गोयल–** जाते कृपा राम की होई, ताते कृपा करे सब कोई।

**दीपक भाटी–** आप पूरे जोश के साथ सारे कार्यक्रम कर रहे हैं और इन कार्यक्रमों में नए चेहरों को भूमिका दे रहे हैं? कुछ समय में आपको टीम का विस्तार भी करना है। क्या मानकर चले कि टीम के चेहरे क्या होंगे?
**मयंक गोयल–** कोई भी नया प्रयोग नहीं करना चाहता हूं। पुराने कार्यकर्ता जो लंबे समय से संगठन में कार्य कर रहे हैं। मेरी प्राथमिकता मूल कार्यकताओं की है। पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार, जो पार्टी चाहती है, उसके तहत ही टीम का गठन किया जाएगा।

**दीपक भाटी–** सिफारिश पर कितना फोकस करेंगे?
**मयंक गोयल–** संगठन की परंपरा नहीं है कि कोई सिफारिश करें। सभी संगठन से बंधे हुए हैं। मुझे पर प्रभु की कृपा है कि मुझ पर सिफारिशों का कोई बोझ नहीं हैं। मुझे लगता है कि सिफारिश वाले कार्यकर्ता वो होते हैं जो काम में कमजोर होते हैं। काम करने वाले कार्यकताओं के लिए सिफारिश की जरूरत नहीं पडती है। मोदी जी के लिए क्या सिफारिश थी। एक सामान्य चाय वाला प्रधानमंत्री बन गया। कोई भी मेरा खास हो लेकिन वह संगठन के लिए काम नहीं करता है तो वह मेरे किसी काम का नहीं है।

**दीपक भाटी–** जब आपके पीछे आपके समर्थक करते हैं तो आपको यह कहते सुना जाता है कि मेरे पीछे चलने का कोई फायदा नहीं है कि मैं टीम में रख लूंगा। ऐसा कहकर आप समर्थकों का दिल नहीं तोडते है?
**मयंक गोयल–** ऐसे समर्थक मेरे प्रिय तो है लेकिन मेरे किसी काम के नहीं हैं।

**दीपक भाटी–** तो क्या मान लें कि ऐसे समर्थकों का पत्ता साफ है?
**मयंक गोयल–** यह तो आप कह रहे हो मैं तो नहीं कह रहा हूं। देखिए, सच्चाई यह है कि साथ घूमने से मेरा प्रिय तो हो सकता है लेकिन संगठन का प्रिय तो वो ही होगा जो सभी के लिए काम करेगा। समाज के लिए काम करेगा। मेरे साथ घूमने से क्या मिलेगा। हमारे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जी है, हमारे क्षेत्रीय अध्यक्ष सिसौदिया जी है, हम फोन करते हैं तो कभी उन्होंने नहीं कहा कि हमारे साथ घूमो। वे कहते हैं आओ, अपना काम समझो और क्षेत्र में जाकर काम करो। 2014 से पहले राजनाथ सिंह ने हमसे कहा कि वालिंटियर्स बनाओ। मुझे संयोजक बनाया गया। हमने 95 हजार वालिंटियर्स जोडे। तीन महीने में 550 कैंप लगाए उनमें हमने 85 हजार वालिंटियर्स बनाए। राजनाथ सिंह ने हमे मोदी जी से मिलवाया। मोदी जी ने शाबासी दी। तीन महीने 18–18 घंटे तक फील्ड में काम किए।

**दीपक भाटी–** पार्टी के रोज कार्यक्रम होते हैं, ऐसे में कैसे तय होता है कि मंच पर आज कौन– कौन रहेंगे? कुछ ऐसी बातें महामंत्रियों की ओर से आ रही है कि अध्यक्ष जी महामंत्रियों को दूर रहकर चल रहे हैं। मोदीजी के 11 वर्ष के कार्यक्रम को ही ले लीजिए।
**मयंक गोयल–** मोदी जी के 11 साल पूरे होने के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगीजी ने लॉन्च किया। लॉन्चिंग के कार्यक्रम में मैं था। मंच पर मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व तमाम बडे नेता थे। लेकिन सारे प्रदेश महामंत्री नीचे बैठे हुए थे। हमको किस को कॉपी करनी है। शीर्ष नेतृत्व को ही कॉपी करनी है। वे उपाध्यक्ष से संचालन करा रहे हैं। महामंत्री नीचे बैठ रहे हैं। हमारे कार्यक्रम में भी एक महिला उपाध्यक्ष ने संचालन किया। प्रदेश नेतृत्व के पैटर्न को ही फोलो कर रहा हूं।

**दीपक भाटी–** एक पैटर्न आप और फोलो कर रहे है। दोनों उप मुख्यमंत्री गाजियाबाद आ गए। अब मुख्यमंत्री जी को कब बुलाने का कार्यक्रम है?
**मयंक गोयल–** मुख्यमंत्री जी बहुत जल्द ही गाजियाबाद आएंगे। देखिए, महेंद्र जी आए गए। राधा मोहन अग्रवाल आए, बहुत अच्छा कार्यक्रम हुआ इंदिरापुरम में। बिहार दिवस पर राधामोहन सिंह जी आए। कैबिनेट मंत्री स्तर की विजया राहटकर आए। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल जी आए। शौर्य तिरंगा कार्यक्रम में। गाजियाबाद में शौर्य तिरंगा कार्यक्रम का नाम दिया गया। वो ही नाम पूरे भारत में दिया गया। 25 जगहों पर स्वागत किया गया।

**दीपक भाटी–** उस कार्यक्रम में मैं भी था। शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उसी दिन सीजफायर किया गया। सीजफायर को आप किस तरह से लेते हैं, क्योंकि सीजफायर को लेकर विपक्षी दल भाजपा को घेर रहे हैं?
**मयंक गोयल–** आदरणीय मोदीजी ने स्पष्ट कहा है कि आज के बाद विदेशी धरती से कोई भी आतंकवादी घटना युद्ध के रूप में ली जाएगी। पानी नहीं देंगे तो नहीं देंगे। व्यापारी संबंध नहीं रखेंगे, कूटनीतिक संबंध खत्म, केवल दुश्मन ही नहीं, दुश्मन के साथ जो देश खडा है, उसे भी अलग थलग करने का काम करेंगे लेकिन जो काम आज सरकार ने कर के दिखा दिया ऑपरेशन सिंदूर, जो कह रहे थे कि मोदी को जाकर बता देना तो धर्म बताकर हमने मार दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने दुनिया के देशों में जाकर गुहार लगाई कि भारत को रोको।

**दीपक भाटी–** तो विपक्ष क्यों इसे मुददा बना रहा है?
**मयंक गोयल–** विपक्ष के पास कुछ नहीं बचा है। विपक्ष आज खत्म होते होते कहां पहुंच गया है। 2027 में विपक्ष की जमानत जब्त हो जाएगी। उनको प्रत्याशी तक नहीं मिलेगा।

**दीपक भाटी–** 2027 में आप विपक्ष के जमानत जब्त होने की बात कह रहे हैं। कितनी सीटें मान रहे हैं, भाजपा को आएगी?
**मयंक गोयल–** विपक्ष के तीनों दल कितनी भी ताकत लगा लें, इनको प्रत्याशी नहीं मिलेंगे। सीटें कहां आ पाएंगी। आज दुनिया मोदी मोदी योगी योगी कह रही है। मोदीजी और योगी जी के सामने विपक्षी दल कहां टिक पाएंगे।

**दीपक भाटी–** हिंदुस्तान के शौर्य और पराक्रम को बताने के लिए सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के देशों में भेजा गया। इनमें गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग भी शामिल थे। यह एक बडी उपलब्धि रही। संस्मरण सुनने नहीं गए आप?
**मयंक गोयल–**किसी अमीर की महफिल का जिक्र क्या है अमीर। खुदा के घर भी नहीं जाएंगे, बिना बुलाए हम।

**दीपक भाटी–** कार्यक्रम के होर्डिंग्स व फोटो में आपका भी फोटो लगा था। फोटो बडा भी था।
**मयंक गोयल–**जर्रानवाजी कि हमारा फोटो लगाए।

**दीपक भाटी–** क्या बुलाना भुल गए या फिर क्या हुआ?
**मयंक गोयल–** कहा तो किसी अमीर की महफिल का जिक्र क्या है अमीर। खुदा के घर भी नहीं जाएंगे, बिना बुलाए हम।

**दीपक भाटी–** वैसे, संस्मरण तो सुनना चाहते थे आप?
**मयंक गोयल–** हां संस्मरण तो अवश्य सुनना चाहते थे। जैसे ही कार्यक्रम में अतुल गर्ग आए, हमने ढोल नगाडों के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में यह सब नहीं होता है। मैंने कहा क्योंकि आप विदेशी धरती पर भारत माता का मान सम्मान बढाकर आए है, स्वागत तो बनता ही है। उन्होंने काफी रोचक संस्मरण सुनाए।

**दीपक भाटी–** सांसद अतुल गर्ग के बारे में दो शब्द?
**मयंक गोयल–**एक बहुत ही शानदार पिता के पुत्र है और एक मंझे हुए राजनेता है।

**दीपक भाटी–** मेयर सुनीता दयाल?
**मयंक गोयल–** जो ठान लेंगी, वो कर के मानेंगी।

**दीपक भाटी–** मंत्री सुनील शर्मा?
**मयंक गोयल–**एक रामभक्त और जनता के प्रति गहरी संवेदनशीलता के साथ काम करने वाले व्यक्ति।

**दीपक भाटी–** एमएलसी दिनेश गोयल?
**मयंक गोयल–**ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर

**दीपक भाटी–** विधायक संजीव शर्मा?
**मयंक गोयल–**हम है राही प्यार के हमसे कुछ ना बोलिए, जो भी प्यास से मिला, हम उसी के हो लिए।

**दीपक भाटी–** मंत्री नरेंद्र कश्यप?
**मयंक गोयल–** वो तो शहद की फैक्ट्री है। नरेंद्र कश्यप जी के बारे मैं बोलना चाहता हूं कि वे वास्तव में व्यवहार कुशलता के धनी है।

**दीपक भाटी–** विधायक अजीतपाल त्यागी?
**मयंक गोयल–** शेर की तरह, शेर की झलक

**दीपक भाटी–** मयंक गोयल?
**मयंक गोयल–**यारों का यार

**दीपक भाटी–** जो पूर्व हो गए जनरल साहब के बारे में?
**मयंक गोयल–** राजनीतिक क्षेत्र में जनरल ही रहेंगे।

**दीपक भाटी–** भाभी के हाथ का क्या पसंद है आपको? क्या अच्छा बनाती है?
**मयंक गोयल–** मेरी चाची और मेरी पत्नी बहुत अच्छा खाना बनाती है। हम शाकाहारी लोग है। जो भी बनता है वह खा लेते हैं। सबसे महत्वपूर्ण साथ खाना खाने का है।

**दीपक भाटी–** फिल्म देने का टाइम मिल गजाता है?
**मयंक गोयल–** शौक ही नहीं है। केवल संगीत में रूचि है।

**दीपक भाटी–** टीवी व समाचार देखते है?
**मयंक गोयल–** मोबाइल पर सोशल मीडिया पर देख लेता हूं समाचार।

**दीपक भाटी–** कोई हीरो और हिरोइन पसंद है?
**मयंक गोयल–** नहीं, ऐसा कोई नहीं है।




www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

## परिवारवाद की परंपरा भाजपा में नहीं, अन्य पार्टियों में रही है : मयंक गोयल

**दीपक भाटी–** आप इस राजनीति में खुद को परिवारवाद के कितने नजदीक मानते है? आजकल चर्चा चलती है कि भाजपा वाले परिवार में परिवारवाद है। मयंक गोयल को किस पृष्ठभूमि में देखे परिवारवाद से या मेरिट से?
**मयंक गोयल–** देखिए, यह प्रश्न तो खडा होता है। एक बात तो जरूर कहूंगा कि परिवारवाद क्या है। इस पार्टी का अध्यक्ष, निर्णय लेने वाले मुलायम सिंह यादव थे, उन्होंने जीवित रहते पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बना दिया। अखिलेश जी ने अपने भाइयों, चाचा और पत्नी को सांसदी दे दी। अपने भतीजों को ला दिया, अपने बच्चों को ला रहे हैं। यह परिवारवाद है। यह परंपरा कांग्रेस में भी है लेकिन मिशन के तहत कोई भी लंबे समय से समाज की सेवा कर रहा है और आपको याद होगा कि 2006 में जब मेरी माताजी मेयर हो गई तो यह प्रश्न मेरे सामने पहली बार आया था तो मेरी माताजी ने कहा था कि पूरा गाजियाबाद मेरा परिवार है और किसी भी मंच पर मयंक दिखाई नहीं देंगे। बहुत इमानदारी से कह रहा हूं। 65 महीने का कार्यकाल था और मैंने तीन बातें तय की थी। उनकी लालबत्ती की गाडी में नहीं बैठूंगा। मेरा बेटा बीमार हो गया था। रात 12 बजे मोटरसाइकिल से यशोदा ले गया था। माताजी ने पूछा–बैठोगे नहीं, तो मैंने कहा, ना, आपने ही संकल्प कराया था ना। दूसरा, नगर निगम के किसी कर्मचारी से कोई व्यापारिक काम नहीं करूंगा। और कोई परिवारवाद का आरोप न लगे तो मैंने तय किया था कि नवयुग मार्केट में नगर निगम में मेरी माताजी का जो ऑफिस है, वो मेरे लिए लक्ष्मण रेखा है। इसमें घुसुंगा नहीं। क्या आपने मुझे 65 महीने के कार्यकाल में नगर निगम जाते हुए देखा। भला हो वर्तमान महापौर सुनीता दयाल जी का, अब उन्होंने मुझे बुला लिया तो पहली बार जाकर देखा कि नगर निगम का सभागार कैसा है।

## अगर सौ लोग भी घर आ गए तो मैंने बाहर से चाय नहीं मंगाई : गोयल

**दीपक भाटी–** खूब व्यस्त रहते हैं। परिवार को समय नहीं दे पाते है। सुबह चार बजे रेलवे स्टेशन भी जाना पडता है। ऐसे में भाभी नाराज नहीं रहती है?
**मयंक गोयल–** आज मैं आपको एक बात बताता हूं। यह प्रश्न आत्मा के रूप में है। वो पीएचडी है इकोनॉमिक्स से। वो हापुड के परिवार से हैं। परिवार में कपडे का उद्योग है। बहुत ही धार्मिक है। मेरी मां इस दुनिया में नहीं रही। अंतिम दिनों में कैंसर रहा। मेरी पत्नी ने काफी सेवा की। मेरी चाची ने भी काफी सेवा की। मेरा परिवार संयुक्त परिवार है। लोग राम लक्ष्मण की जोडी बताते हैं। हमारी एक ही रसोई है चार पीढियों की। मुझे याद नहीं कि मेरी पत्नी और बच्चों ने कुछ कहा हो। मेरा बेटा कोचिंग ले रहा है लेकिन कहां ले रहा है मुझे नहीं पता। मेरे बेटे को 95 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। छोटे भाई ने एक डिनर आयोजित किया तो बताया कि आप डेढ घंटे तक कोई फोन नहीं उठाएंगे। अभी आधा घंटा ही हुआ था कि फोन आ गया मैं वाश रूम जाने के बहाने से फोन उठा लिया तो कार्यकर्ता ने कहा कि मेरी लडाई हो गई है, चोंट लगी है। मैं पीछे के दरवाजे से बाहर निकला और चला गया लेकिन मेरे बेटे ने कोई शिकायत नहीं की। मेरे पिताजी ने एक बार भी नहीं कहा कि तू इंडस्ट्री लगा। आईएमटी से एमबीए किया, लॉ किया। और अगर सौ लोग भी आ गए तो मैंने बाहर से चाय नहीं मंगाई।

## किसी का विरोध करके टिकट नहीं मांगूंगा : मयंक गोयल

**दीपक भाटी–** अजीत भाई ने आपके लिए मजबूती से कहा। कल आप भी दावेदारी करेंगे। टिकट दूसरे भी मांगेंगे। विधानसभा कौन सी होगी, शहर विधानसभा, साहिबाबाद होगी या मुरादनगर?
**मयंक गोयल–** गंगाजल मंगा लो, टिकट नहीं मांगूगा। और, पार्टी ने मुझे बडा दायित्व दिया है। और ऐसे समय दिया है जब नगर निगम का चुनाव है। विधानसभा का चुनाव है। दो चेयरमैन है, सौ पार्षद हैं। 35–35 पार्षद खोडा और मुरादनगर में हैं। जिला पंचायत और तमाम चुनाव, सहकारी बैंकों के चुनाव हैं, इसके अलावा तमाम मनोनयन है। किसी का विरोध करके टिकट नहीं मागूंगा। आपको मेरा डिटरमिनेशन मालूम हैं। और आपको क्लैरिटी कर दूं। मुरादनगर में आदरणीय राजपाल त्यागी का क्षेत्र में जनाधार है। पचास साल इस परिवार से जनप्रतिनिधि है। ऐसा क्यों होगा कि पार्टी उन को न लडाए। और साहिबाबाद के जो विधायक है, उनके श्रेष्ठ कार्यों को देखते हुए उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। बहुत सीनियर है। चार–पांच बार से जीत रहे हैं। पार्टी उन पर विचार करेगी, ऐसा कोई प्रश्न उठता दिख नहीं रहा है। मेरे लिए स्पेश नहीं है। मेरा घर मेरा बचपन सदर में बीता। पार्टी को जो विचार होगा, वह देखा जाएगा।

## यह सवाल तो आपको सांसद अतुल गर्ग जी से पूछना चाहिए : मयंक गोयल

**दीपक भाटी–** आपने बडा दिल दिखाया, बडे दिल वाले अब अध्यक्ष है। अतुल जी सांसद बन गए। सांसद बने तो सीट खाली हुई। तो कई दावेदार आए तो क्या अतुल जी ने बडा दिल दिखाया कि मयंक गोयल ने मेरा साथ दिया तो चलो अब मयंक गोयल का समर्थन करते है। ऐसा अतुल जी ने किया कि नहीं?
**मयंक गोयल–** आपने उनसे पॉडकास्ट किया, आपने यह सवाल उनसे पूछा था? यह सवाल तो उनसे बनता है। तुम मुझे ना चाहो तो कोई बात नहीं, तुम किसी और को चाहोगे तो मुश्किल होगी।

## संगठन हित में कोई बात कड़ाई से कहनी है तो अवश्य कहूंगा : मयंक गोयल

**दीपक भाटी–** क्या मयंक गोयल को गुस्सा आता है?
**मयंक गोयल–**आपको क्या लगता है। मेरा आपसे कितना पुराना संबंध है? आपने कभी किसी गैरवाजिब बात पर मुझे क्रोधित होते हुए देखा है? क्या आपके मन में कभी आया कि मैंने कोई नशा किया है? क्या मुझ पर कोई आर्थिक आरोप लगा है? क्या व्यक्तिगत जीवन में मैंने कोई पाप कर्म किया है? मेरे पर आरोप लगते हैं कि लेट हो जाते हैं, बात सुनते नहीं हैं। किसी के बनाए परसेप्शन से क्या होता है। जिन पर खुद ही आरोप है हाथ उठाने का, मारते मारते ब्लिडिंग हो गई, मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, वे मुझे सिखा रहा है कि जीवन में किस प्रकार कार्यकताओं को साथ लेकर चलना है। एक कार्यकर्ता बता दें। अगर संगठन हित में कोई बात कडाई से कहनी है तो अवश्य कहूंगा।

## अटल जी बोले, यह रसगुल्ला तो मेरी तरफ ही देख रहा है

**दीपक भाटी–** राजनीतिक या सामाजिक क्षेत्रों में किसे हीरो मानते है?
**मयंक गोयल–** पुराने परिप्रेक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी जी, और अटल जी मेरी मुलाकात हुई थी। 2007 में माताजी के साथ अटल जी को निमंत्रण पत्र देने का मौका मिला था। अटलजी स्वस्थ्य थे। मैं माताजी और अश्वनी जी साथ थे। हमें देखकर अटलजी खिलखिला कर हंसे। शिवकुमार जी से बोले, दमयंती जी आई है कुछ मीठा हो जाए। इस पर शिव कुमार जी मजकिया लहजे में कहा कि दमयंती जी के लिए या अपने लिए मंगा रहे हैं। तो अटल जी बोले, अरे आएगा तो थोडा हम भी ले लेंगे। मिठाई आई तो अटल जी बोले, यह रसगुल्ला तो मेरी तरफ देख रहा है। खाके बोले बहुत मीठा था। मैंने एक किस्सा सुनाया। वे रमेश चंद तोमर की जनसभा में आए थे। एक साइड की माइक खराब हो गई थी तो पब्लिक जोर–जोर से चिल्लाने लगी तो अटल जी ने मंच से कहा, कान लगाकर सुनिए। इस पर वे जोर से ठहाके लगाकर हंसे। आज के परिप्रेक्ष्य में नरेंद्र मोदी। मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे मिला हूं। माननीय राजनाथ सिंह की कृपा रही। 2014 में जब वे प्रधानमंत्री प्रत्याशी घोषित हुए थे उससे पहले तालकटोरा जनसभा में मुलाकात हुई तो उन्होंने जो पीठ पर थपथपाई, उससे जो मुझे ताकत मिली, उसको बयां नहीं कर सकता।

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा